शुक्रवार, 14 फरवरी 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 17 |
| आर्द्रता | 44% |
| सूर्योदयः 6:09 | सूर्यास्तः 17:33 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वितीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : नजरों में सम्मान और बोलने में मर्यादा रिश्ते की मजबूत डोर होती है।



ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों पर व्यापक पारस्परिक शुल्क लगाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए -पृष्ठ 8

# विपक्ष के हंगामे के बीच वक्फ संबंधी संसदीय समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पेश

## विपक्षी दलों ने असहमतियों को रिपोर्ट से हटाने का आरोप लगाया

- सरकार का जवाब- असहमति का कोई नोट नहीं हटाया गया
- लोकसभा में गृह मंत्री ने कहा-अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं विपक्षी सांसद



**नयी दिल्ली :** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट बृहस्पतिवार को विपक्षी सदस्यों के भारी हंगामे के बीच लोकसभा के पटल पर रखी गई। समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा। साथ ही, उन्होंने समिति के समक्ष आए साक्ष्यों का रिकॉर्ड भी सदन में रखा। इससे पहले, आज समिति की रिपोर्ट राज्यसभा के पटल पर भी रखी गई। विपक्षी सदस्यों का आरोप है कि उनकी असहमति को रिपोर्ट के साथ संलग्न नहीं किया गया है। गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि वह विपक्ष की आपत्तियों को जोड़ सकते हैं और इस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कोई आपत्ति नहीं है। इस पर बिरला ने कहा कि कुछ सदस्यों ने उनसे मुलाकात की थी और उनके साथ जिन विषयों पर बात हुई है उन्हें रिपोर्ट के साथ संलग्न कर लिया गया है। विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताते हुए सदन से वाकआउट कर दिया और कुछ देर बाद सदन में लौटे। विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की, तो सत्तापक्ष के कुछ सदस्यों ने रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। संसद के वर्तमान बजट सत्र के पहले चरण का आज आखिरी कामकाजी दिन था। समिति की रिपोर्ट गत 30 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी गई थी। समिति की 655 पृष्ठ वाली इस रिपोर्ट को बहुमत से स्वीकार किया गया था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझाव समाहित हैं। विपक्षी सदस्यों ने इसे असंवैधानिक करार दिया था और आरोप लगाया था कि यह कदम वक्फ बोर्डों को बर्बाद कर देगा। भाजपा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया था कि पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया विधेयक वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में आधुनिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का प्रयास करेगा। समिति ने भाजपा सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया था और विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को खारिज कर दिया था।

### वक्फ विधेयक को वापस ले सरकार, पारित हुआ तो शुरू करेंगे आंदोलन : पर्सनल लॉ बोर्ड

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को धार्मिक भेदभाव पर आधारित तथा संविधान के मूल्यों के खिलाफ करार दिया और कहा कि सरकार को सबका साथ, सबका विकास के अपने नारे पर अमल करते हुए इस विधेयक को वापस लेना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि यदि विधेयक को पारित किया गया तो राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न, अगली बैठक 10 मार्च को

**नयी दिल्ली :** संसद के बजट सत्र का पहला चरण बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया और दोनों सदनों की बैठक 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में आम बजट 2025-26 पर चर्चा का जवाव दिया और इसी के साथ संसद में बजट पारित करने का पहला चरण पूरा हो गया। उनके जवाब के बाद उपसभापति हरिवंश ने उच्च सदन को 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया। लोकसभा की बैठक दिन में पहले ही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कामकाज पर खुशी जताते हुए कहा कि कार्य उत्पादकता लगभग 112 प्रतिशत रही। वित मंत्री ने एक फरवरी को लोकसभा में आम बजट 2025-26 पेश किया था। इसके बाद संसद के दोनों सदनों में आम बजट पर चर्चा हुई। लोकसभा में वित्त मंत्री ने बजट चर्चा का जवाब मंगलवार को दिया था।

भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव नहीं जीत सकतीः लालू का दावा (पृष्ठ 7)

# वित्त मंत्री ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक पेश किया

## असेसमेंट ईयर का झंझट खत्म, कई तरह की छूट की खत्म, आधे किए गए शब्द

- सेक्शन की संख्या घटाकर 536 की गई
- 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से रिप्लेस किया जाएगा



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल 2025 पेश कर दिया गया है। नए बिल में सरकार द्वारा कानूनों को आसान बनाने पर जोर दिया गया है। नया कानून पुराने इनकम टैक्स एक्ट, 1961 की जगह लेगा, जो कि मौजूदा समय में पुराना पड़ चुका है और बार-बार संशोधनों के कारण काफी पेचीदा हो गया है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार ने सुधारों पर भी जोर दिया है।

नए इनकम टैक्स बिल में सेक्शन की संख्या घटाकर 819 से 536 कर दी गई है। इसमें अनावश्यक छूटों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही नए बिल में कुल शब्द संख्या 5 लाख से घटाकर 2.15 लाख कर दी गई है। नए इनकम टैक्स बिल में चीजों को आसान बनाने पर फोकस किया गया है। साथ ही 'असेसमेंट ईयर' को 'टैक्स ईयर' से रिप्लेस किया जाएगा।

नया टैक्स कानून एक अप्रैल, 2026 से अमल में लाया जाएगा। लोकसभा में पेश होने के बाद, नए कानून को आगे के विचार-विमर्श के लिए वित्त पर संसदीय स्थायी समिति को भेजा जाएगा। यह बिल मौजूदा टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं करेगा या दी गई टैक्स छूट को कम करेगा। इसके बजाय नए कानून का लक्ष्य छह दशक पुराने कानून को मौजूदा समय के अनुकूल बनाना है। इससे भारत का टैक्स बेस मजबूत होगा और लंबे समय में आय स्थिरता में सुधार होगा। यह कानून भारत के टैक्स सिस्टम को ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के करीब भी लाता है। नए इनकम टैक्स बिल 2025 की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें टेक्नोलॉजी से संचालित असेसमेंट पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अधिक स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए नए इनकम टैक्स बिल में व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए व्याख्या को आसान बनाने के लिए टैक्स प्रावधानों को समझाने के लिए तालिकाएं, उदाहरण और सूत्र भी शामिल किए गए हैं। टैक्स कानूनों को सरल बनाकर नए इनकम टैक्स बिल 2025 में सरकार की कोशिश है कि बिजनेस अपना ध्यान वृद्धि पर लगाए न कि टैक्स प्लानिंग पर। इससे देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया

**नयी दिल्ली :** मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि "ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती।" अधिसूचना में कहा गया है, "अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं।" अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है।

**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555






# इसके नियमन पर न हो कोई समझौता

पेरिस में संपन्न एआई एक्शन समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को स्वीकारते हुए सुरक्षा उपायों पर बल दिया गया। फ्रांस के तत्वावधान में आयोजित समिट राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सह-अध्यक्षता में संपन्न हुई। जो भारतीय प्रतिभाओं की वैश्विक साख को भी दर्शाता है। निश्चित रूप से यह समय एआई के क्षेत्र में भारत को अपनी प्राथमिकता तय करने का है। हालांकि, समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संवर्द्धन के रोडमैप पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में गहरे मतभेद भी उजागर हुए। मेजबान फ्रांस,भारत व प्रमुख हितधारक चीन समेत दुनिया के साठ देशों ने डिजिटल विभाजन को कम करने के लिये एआई पहुंच को बढ़ावा देने, इसे खुला,समावेशी, पारदर्शी, नैतिक, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के संकल्प लेते हुए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने इस पर असहमति जतायी और हस्ताक्षर नहीं किए। ट्रंप जैसे तेवर अपनाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने वैश्विक नेताओं व तकनीक उद्योग के अधिकारियों को चेताया कि अत्यधिक विनियमन से तेजी से बढ़ते एआई उद्योग की गति थम सकती है। जो बताता है कि अमेरिका एआई जोखिमों को कम करने के यूरोप के प्रयासों से खुश नहीं है। दरअसल, एक अधीर राष्ट्रपति के नेतृत्व में अमेरिका एआई की अपार संभावनाओं पर वर्चस्व चाहता है। उसे चीन की चुनौती भी स्वीकार नहीं है। हालांकि, इसी तर्ज पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई इस सदी में मानवता के लिये नया कोड लिख रही है। लेकिन साथ ही एआई को वैश्विक भलाई के लिये विकसित करने पर भी बल दिया। जिसका संदेश यह भी है कि इसका उपयोग देश विशेष अपने निजी हितों तक सीमित न रखे। यानी एआई नवाचार को बढ़ावा तो दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके नियमन को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, बड़े पैमाने पर एआई के दुरुपयोग की आशंका के बीच विश्वास, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये एक वैश्विक ढांचा स्थापित करना अपरिहार्य ही है।

दरअसल, यही वजह है कि यूरोपीय देशों ने इस दिशा में सतर्क रुख अपनाया है। ताकि जांच और संतुलन बनाने वाले कदमों से दुनिया में डीपफेक व भ्रामक प्रचार पर अंकुश लगाया जा सके। फलत: भविष्य में नियामक मानदंडों को आसान बनाने पर सहमति बनानी जरूरी है। इसके लिये पूरी तरह से दरवाजे खोलना किसी आपदा को आमंत्रण जैसा भी हो सकता है। पेरिस में एक्शन समिट ऐसे वक्त में हुई है जब एआई में अमेरिकी वर्चस्व को चीनी कंपनी डीपसीक जबर्दस्त चुनौती दे चुकी है। उसने कम लागत में बेहतर एआई टूल पेश करके बताया है कि इस दौड़ में चीन कहीं आगे निकल चुका है। निस्संदेह, इस क्षेत्र में तमाम नई खोजों की संभावनाएं बरकरार हैं। लेकिन सुरक्षा मुद्दों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है, लेकिन इसका अनियंत्रित विकास मानवता के लिए घातक भी साबित हो सकता है। ऐसे में एआई विकास में पारदर्शिता व नियमन के अंतर्राष्ट्रीय मानक बनाने भी जरूरी हैं। जरूरी है कि हम एआई की वैश्विक चुनौती के बीच अपने इंजीनियरों व वैज्ञानिकों की मेधा का बेहतर उपयोग करके नयी खोजों का मार्ग प्रशस्त करें। अन्यथा भारत एआई की नई खोजों की दौड़ में पिछड़ सकता है। फिक्र है कि भारत जैसे बड़ी बेरोजगारी वाले देश में कहीं एआई रोजगार संकट का वाहक न बने। कम जनसंख्या वाले विकसित देशों के लिये जहां यह तकनीक उपयोगी साबित होगी, वहीं श्रम प्रधान संस्कृति वाले भारत में यह विसंगति भी पैदा कर सकती है। निश्चित रूप से एआई के इस्तेमाल से बेहतर कार्य संस्कृति पैदा होगी, लेकिन यह प्रयास रोजगार के अवसर कम न करे। कृत्रिम मेधा के नियमन और नवाचार के साथ हम रोजगार के अवसर भी बढ़ाएं। भारत में एआई को तेजी से अपनाया जा रहा है। नीति आयोग ने भी इसे प्रोत्साहन देने के लिये राष्ट्रीय नीति तैयार की है। आने वाले वर्षों में एआई की देश की सुरक्षा, आर्थिकी, चिकित्सा, कृषि तथा शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। लेकिन जरूरी है कि युवाओं के लिये पर्याप्त रोजगार के अवसर भी सृजित हों। भारतीय युवा भी खुद को इस नई चुनौती के अनुरूप तैयार करें।

# ताकत और धैर्य की कहानी कहतीं फिल्में



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है बल्कि यह समाज का दर्पण भी होता है। कई फिल्में सत्तावादी शासन की क्रूरता को उजागर करती हैं, जो लोकतंत्र, स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं। इन फिल्मों में यह बताया गया है कि जब सत्ता का अत्यधिक केंद्रीकरण होता है और विचारधारा कट्टरपंथ की ओर बढ़ती है, तो आम जनता पर क्या प्रभाव पड़ता है। इसी तरह की एक फिल्म है-'मैं अभी भी यहीं हूं'। इस फिल्म की कहानी एक चेतावनी भरी कहानी है।

फिल्म पुरस्कार विजेता निर्देशक वाल्टर सेलेस की नई फिल्म आई एम स्टिल हियर (आइंडा एस्टो एकी) ताकत और धैर्य की कहानी है। यह फिल्म ब्राजील के कांग्रेसमैन रूबेन्स पाइवा के अपहरण और हत्या की सच्ची घटना पर आधारित है। रूबेन्स पाइवा 1964 में ब्राजील में सैन्य तानाशाही का विरोध करने वाले नेता थे। वे एक सिविल इंजीनियर और तेल हमारा है नामक छात्र आंदोलन के प्रमुख थे, जो विदेशी कंपनियों द्वारा ब्राजील के तेल संसाधनों के शोषण के खिलाफ था। 1962 में, वे ब्राजीलियाई लेबर पार्टी से कांग्रेस के लिए चुने गए, लेकिन 1964 के तख्तापलट के बाद उन्हें और अन्य लोकतंत्र समर्थकों को उनके पदों से हटा दिया गया। निर्वासन के बाद वे ब्राजील लौटे और तानाशाही का विरोध जारी रखा।

20 जनवरी 1971 को उन्हें आतंकवादियों से संबंध रखने के झूठे आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी या तो एक गलती थी या फिर जानबूझकर तानाशाही विरोधियों को निशाना बनाने की योजना का हिस्सा।

फिल्म पाइवा की गिरफ्तारी, कैद और मृत्यु के इर्द-गिर्द घूमती है। मुख्य रूप से यह उनकी पत्नी यूनिस पाइवा के संघर्ष की कहानी है, जिसे अभिनेत्री फर्नांडा टोरेस ने प्रभावशाली ढंग से निभाया है। यूनिस अपने पांच बच्चों की देखभाल करने के साथ-साथ अपने पति की खोज में नौकरशाही से लड़ती हैं। बाद में, उन्होंने कानून की पढ़ाई की और ब्राजील के स्वदेशी लोगों के अधिकारों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

आई एम स्टिल हियर केवल पाइवा परिवार की त्रासदी नहीं है, बल्कि यह मानवीय साहस और प्रगतिशील मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता की कहानी है। लेखक मुरिलो हाउजर और हेइटर लोरेगा की पटकथा इसे जीवंत बनाती है। निर्देशक वाल्टर सेलेस, जो खुद पाइवा परिवार को करीब से जानते थे, ने इस फिल्म को पारिवारिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से संतुलित तरीके से प्रस्तुत किया है।

आज जब दुनिया में कई जगह सत्तावादी ताकतें बढ़ रही हैं, यह फिल्म अत्यंत प्रासंगिक है। इसका शीर्षक आई एम स्टिल हियर सिर्फ पाइवा परिवार की लड़ाई नहीं दर्शाता, बल्कि उन सभी लोगों की आवाज है जो सामाजिक परिवर्तन और न्याय के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

जॉर्ज ऑरवेल के प्रसिद्ध उपन्यास 1984 पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे समाज को दर्शाती है, जहां सरकार पूरी तरह से नागरिकों की निगरानी करती है, उनके विचारों को नियंत्रित करती है और असहमति को कुचल देती है। बिग ब्रदर नामक सत्ता का हर जगह वर्चस्व है, और लोग अपने ही विचारों से डरने लगते हैं। यह फिल्म दिखाती है कि सत्तावादी शासन किस तरह से व्यक्ति की स्वतंत्रता छीन सकता है और जनता को दमन की जंजीरों में बांध सकता है।

'वी फॉर वेंडेटा' फिल्म में सत्ता के अंहकार पर चोट की गई। यह फिल्म एक ऐसे भविष्य की कहानी कहती है, जहां ब्रिटेन पर एक फासीवादी सरकार का शासन है। नागरिक स्वतंत्रता समाप्त हो चुकी है, मीडिया पूरी तरह से सरकार के नियंत्रण में है, और असहमति को अपराध माना जाता है। फिल्म का मुख्य पात्र वी एक नकाबपोश विद्रोही है, जो अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करता है और जनता को जागरुक करने का प्रयास करता है। यह फिल्म दिखाती है कि सत्ता जब निरंकुश हो जाती है, तो विद्रोह और क्रांति अपरिहार्य हो जाती हैं।

'परज़ानिया' फिल्म सन् 2007 में आई। यह फिल्म 2002 के गुजरात दंगों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और दिखाती है कि किस प्रकार सांप्रदायिक राजनीति के कारण निर्दोष नागरिकों को हिंसा का शिकार बनना पड़ता है। फिल्म एक पारसी परिवार की सच्ची कहानी को बयान करती है, जिसका बेटा दंगों के दौरान लापता हो जाता है। यह फिल्म दक्षिणपंथी राजनीतिक कट्टरता के खतरों और सांप्रदायिक हिंसा के प्रभावों को गहराई से उजागर करती है।

इन फिल्मों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि जब सरकारें निरंकुश हो जाती हैं और सत्तावादी विचारधाराएं चरम पर पहुंचती हैं, तो समाज में असहिष्णुता, दमन और हिंसा बढ़ जाती है। ऐसी फिल्में समाज को सचेत करती हैं कि लोकतंत्र, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा के लिए जागरुक रहना जरूरी है।

सत्तावादी शासन और दक्षिणपंथी राजनीतिक खतरे पर आधारित फिल्मों की समीक्षा करते हुए विद्वानों ने यह कहा है कि लोकतंत्र की सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा किसी भी समाज के लिए महत्वपूर्ण होती है। लेकिन जब सत्तावाद हावी होने लगता है और दक्षिणपंथी कट्टरता राजनीतिक सत्ता के रूप में आकार लेती है, तो समाज में असहिष्णुता, दमन और विभाजनकारी नीतियां पनपने लगती हैं। विश्व सिनेमा में कई ऐसी फिल्में बनी हैं, जो इस खतरे को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत करती हैं।

जॉर्ज ऑरवेल के मशहूर उपन्यास 1984 पर आधारित फिल्म '1984' ने एक भयावह भविष्य का चित्र खींचा है, जहां सत्ता एक निरंकुश शासन के अधीन है। बिग ब्रदर नामक सरकार हर नागरिक की निगरानी करती है, उनके विचारों को नियंत्रित करती है और असहमति को अपराध मानती है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक सत्तावादी शासन धीरे-धीरे व्यक्ति की स्वतंत्रता छीनता है और समाज को एक निरंकुश मशीन में बदल देता है, जहां नागरिक केवल शासन की मर्जी के अनुसार जी सकते हैं। इस फिल्म का संदेश बहुत शक्तिशाली है: जब सरकारें नागरिकों के विचारों, गतिविधियों और जीवन के हर पहलू पर नियंत्रण करने लगती हैं, तो समाज में डर और असहायता पैदा होती है। यह फिल्म दर्शकों को चेतावनी देती है कि स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सतर्क रहना आवश्यक है, अन्यथा निरंकुशता का दमनकारी युग कभी भी आ सकता है। 'वी फॉर वेंडेटा' फिल्म 2005 में आई, इस फिल्म ने एक तानाशाही शासन वाले भविष्य के ब्रिटेन को दर्शाती है, जहां नागरिक स्वतंत्रता समाप्त हो चुकी है, मीडिया पर सरकार का पूरा नियंत्रण है और असहमति को सख्ती से दबा दिया जाता है। फिल्म का नायक वी एक नकाबपोश विद्रोही है, जो अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ता है और जनता को जागरूक करने का प्रयास करता है। इस फिल्म की खास बात यह है कि यह फिल्म दिखाती है कि जब कोई सरकार धर्म, सुरक्षा और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों के अधिकारों को कुचलने लगती है, तो विद्रोह का जन्म होता है। यह फिल्म याद दिलाती है कि सत्ता को कभी भी असीमित अधिकार नहीं दिए जाने चाहिए, और नागरिकों को हमेशा लोकतंत्र और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सजग रहना चाहिए।

'द ग्रेट डिक्टेटर' फिल्म सन् 1940 में आई। चार्ली चैपलिन द्वारा निर्देशित और अभिनीत यह फिल्म एडोल्फ हिटलर के तानाशाही शासन पर एक व्यंग्यात्मक प्रहार करती है। फिल्म की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जो संयोगवश एक क्रूर तानाशाह से मिलता-जुलता दिखता है और सत्ता तक पहुंच जाता है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे सत्ता में बैठे नेता अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और कट्टर विचारधारा के कारण पूरे समाज को बर्बाद कर सकते हैं।

फिल्म का अंत एक प्रसिद्ध भाषण से होता है, जिसमें लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवता की महत्ता को रेखांकित किया गया है। यह फिल्म हमें यह सिखाती है कि सत्ता में बैठे लोगों की विचारधारा पर ध्यान देना आवश्यक है, क्योंकि यदि वे कट्टरता और दमन के रास्ते पर चलते हैं, तो पूरा समाज इसका शिकार हो सकता है।

'द लिविंग डेड' फिल्म सन1968 में आती है ।यह फिल्म सीधे राजनीतिक तानाशाही पर नहीं है, लेकिन यह एक रूपक के रूप में काम करती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे एक अज्ञात वायरस समाज में तबाही मचा देता है, और सत्ता इसे नियंत्रित करने के नाम पर कठोर और अमानवीय नीतियों को लागू करती है। यह फिल्म इस बात को दर्शाती है कि जब जनता भय में जीने लगती है, तो सत्ता का नियंत्रण बढ़ जाता है और नागरिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ जाती है।

यह फिल्म आज भी प्रासंगिक है, क्योंकि यह दर्शाती है कि किसी भी संकट जैसे युद्ध, महामारी, आतंकवाद के दौरान सरकारें अपने नियंत्रण को बढ़ाने के लिए नागरिकों की स्वतंत्रता को सीमित कर सकती हैं।

इन सभी फिल्मों का एक प्रमुख संदेश यही है कि सत्तावादी शासन और दक्षिणपंथी राजनीतिक कट्टरता केवल लोकतंत्र को ही नहीं, बल्कि समाज की मूलभूत संरचना को भी नष्ट कर सकती है। जब सरकारें असहमति को कुचलती हैं, मीडिया को नियंत्रित करती हैं, और धार्मिक या जातीय आधार पर राजनीति करती हैं, तो यह पूरे समाज को हिंसा और दमन की ओर धकेल सकता है।

इन फिल्मों से यही पता चलता है कि लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जागरूकता और सतर्कता ही एकमात्र उपाय है, जिससे सत्तावादी ताकतों को रोका जा सकता है और एक स्वतंत्र एवं समानतापूर्ण समाज की स्थापना करना संभव हो सकता है।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक



रमेश सर्राफ धमोरा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी।

हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।

उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।

हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है।

हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं।

इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नो नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में छह भाजपा के निशान पर व तीन आप पार्टी के निशान पर जीते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओं नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी।

किरोड़ीलाल मीणा, अनिल विज को नोटिस भी दिल्ली जीत के बाद ही दिया गया है। यदि दिल्ली में भाजपा चुनाव हार जाती तो शायद ही इतना बड़ा कदम उठा पाती। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वही इंडिया गठबंधन में आपसी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

## विदेश की खबरें

### एलन मस्क का आह्वान: अमेरिका की संघीय सरकार से 'संपूर्ण एजेंसियों को हटाया' जाए

**दुबई :** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में खर्चों में भारी कटौती और प्राथमिकताओं को फिर से तय किए जाने के अपने अभियान के तहत अमेरिका की संघीय सरकार से संपूर्ण एजेंसियों को हटाने का आह्वान किया। मस्क ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में विभिन्न देशों की सरकारों के शिखर सम्मेलन में वीडियो कॉल के माध्यम से एक व्यापक सर्वेक्षण की पेशकश की, जिसमें उन्होंने ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं के बारे में बताया, जिनमें थर्मोन्यूक्लियर युद्ध और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संभावित खतरों के कई संदर्भ शामिल थे। मस्क ने कहा, हमारे यहां वास्तव में नौकरशाही का शासन है, न कि लोगों का शासन - लोकतंत्र। मस्क काली टी-शर्ट पहनकर सम्मेलन में शामिल हुए जिस पर लिखा था: टेक सपोर्ट।

### हमास ने योजना के अनुसार बंधकों को रिहा करने की घोषणा की

**काहिरा :** हमास ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह योजना के अनुसार इजराइली बंधकों को रिहा करेगा। चरमपंथी संगठन की इस घोषणा को उस मुद्दे को हल करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है, जिसकी वजह से गाजा में संघर्ष विराम पर खतरा मंडरा रहा है। हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने पुष्टि की है कि वे सभी बाधाओं को दूर करने के लिए काम करेंगे, और संघर्ष विराम समझौता लागू होगा। बयान में संकेत दिया गया है कि शनिवार को तीन और इजराइली बंधकों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा के बाद इजराइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास ने और इजराइली बंधकों की रिहाई में देरी करने की धमकी दी थी, और इजराइल पर तंबुओं व शिविरों में रहने की अनुमति देने के दायित्वों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 फरवरी, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन कृष्णपक्ष द्वितीया, 21:56 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 23:07 तक, योग : अतिगंदा, 07:18 तक, सूर्योदय: 6:09, सूर्यास्त: 17:33, चन्द्रोदय : 19:09, चन्द्रास्त: 07:10, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 10:26 से 11:50

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकते हैं, जिससे आपके सहकर्मी परेशान हो सकते हैं और उनको थोड़ा थकान का अनुभव होगा। रात में जीवनसाथी की तबियत बिगड़ सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए करियर में लाभ का दिन है और परिवार के लोगों के साथ आपका वक्त काफी खुशहाल बीतेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। दिन व्यस्त रहेगा, फिजूलखर्ची से बचें।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को अचानक धन लाभ हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं में गति आएगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। संतान के प्रति जिम्मेदारियां पूरी होंगी। प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ेंगे, रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी सभी समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है। आपका धन बुजुर्गों की सेवा और पुण्य कार्यों में खर्च होगा। दुश्मनों के लिए आप परेशानी का सबब बनेंगे।

**तुला :** तुला राशि वालों को शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। वाकपटुता से सम्मान मिलेगा। भागदौड़ की वजह से सेहत बिगड़ सकती है, सावधान रहें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान और यश में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से परेशानी हो सकती है।

**धनु :** धनु राशि वालों का धन घरेलू सामान पर खर्च होगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी अधीनस्थ कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। आपके घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके घर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है। पूजा-पाठ में आपका खूब मन लगेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी। विद्यार्थी किसी स्कॉलरशिप से संबंधित एग्जाम की तैयारी कर सकते हैं।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए धन संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपकी कोई डील यदि लंबे समय से लटक रही थी, तो उसके फाइनल होने की संभावना है।

## वर्ग पहेली नं. 3004

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 | |
| ■ | | ■ | 6 | | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 |
| | ■ | | ■ | 13 | | | 14 | ■ | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | | | ■ | ■ | 21 | | | ■ |
| 22 | | ■ | 23 | | 24 | | ■ | 25 | 26 |
| | ■ | 27 | | ■ | 28 | | 29 | ■ | |
| 30 | | | ■ | 31 | | ■ | 32 | | |

**बायें से दायें:-** 1) मनभाया, 3) बिचौलिया; *ब्रोकर*, 5) सर्वोच्च, 6) अनुपस्थिति, 7) घड़ा, 8) प्रतिशोध, 10) एक वन्य पशु, 11) सेवक, 13) बुरा लगना, 15) कश *(धूम्रपान)*, 17) कोई नवीन बात सोचना; *आइडिया*, 18) आँचल, 20) प्रवेश, 21) अग्नि, 22) बारी, 23) उपयोगी; सफल; अचूक *(औषध)*, 25) जलप्लाव; सैलाब; *फ्लड*, 27) उपपति; यार, 28) एक वाद्य, 30) वस्त्र, 31) संदेह, 32) यान.

**ऊपर से नीचे:-** 2) संतान, 3) विश्वासघात, 4) सतत, 5) शव, 6) स्त्री, 8) अफ़वाह, 9) उपयोग, 10) चिल्लाना, 12) शरीफ़, 13) थोड़ा, 14) मूर्ख, 16) बाजीगर, 17) कलाकुशल, 19) खँडहर टीला, 21) शत कोटि, 22) एक सागसब्ज़ी, 24) छड़ी, 26) पतन, 27) शीतकाल, 29) ज्वालामुखीय शैलद्रव.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | धा | प | न | ■ | बे | म | त | ल | ब |
| दा | ■ | ह | ल | वा | ई | ■ | भी | ड़ | ■ |
| ■ | आ | लू | ■ | ■ | मा | स | ■ | की | ल |
| बे | वा | ■ | र | ज | नी | मु | खा | ■ | ड़ |
| ■ | ग | वा | ह | ■ | ■ | दा | ■ | ठी | क |
| ■ | म | द | न | ■ | च | य | न | ■ | प |
| आ | न | ■ | स | पा | ट | ■ | स | मा | न |
| रो | ■ | आ | ह | ■ | प | ता | ■ | न | ■ |
| प | रे | शा | न | ■ | ट | न | ट | ना | ना |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2964

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 8 | | | | 3 | | |
| | | | 7 | | 1 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | 8 | | 6 | | |
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | 5 | 7 |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| | | | 2 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2963 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 7 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 8 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 |

## अभिषेक बनर्जी ने 2026 में तृणमूल के अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने की बात दोहराई, भाजपा पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को फिर दोहराया कि उनकी पार्टी राज्य में 'एकला चलो' की नीति को बरकरार रखते हुए वर्ष 2026 में बंगाल विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी गुट 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस'(इंडिया) का भी हिस्सा बनी रहेगी। इस दिन, अपने निर्वाचन क्षेत्र डायमंड हार्बर के सतगछिया में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 'सेवाश्रय' में बोलते हुए अभिषेक बनर्जी ने कहा कि तृणमूल ने अतीत में स्वतंत्र रूप से सफलता-पूर्वक चुनाव लड़ा है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दीदी (ममता बनर्जी) पहले ही स्पष्ट कर चुकी हैं कि हम बंगाल में अकेले लड़ेंगे। यह कोई नई बात नहीं है। हमने 2014, 2016, 2019 और 2024 में अकेले चुनाव लड़ा था। हमने तब अच्छा प्रदर्शन किया और हम फिर से ऐसा करेंगे। अभिषेक बनर्जी ने उन दावों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से बंगाल में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 12 सीट जीतने से रोका जा सकता था। उन्होंने कहा कि आखिरकार, यह लोगों का समर्थन है जो मायने रखता है। चाहे हम अकेले लड़ें या गठबंधन में, इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। सबसे अच्छी स्थिति में, दो से चार सीटों का अंतर हो सकता था, इससे ज्यादा कुछ नहीं। उन्होंने कहा कि हम एक बड़े उद्देश्य के लिए 'इंडिया' गुट का हिस्सा हैं। लेकिन बंगाल में हमने हमेशा अकेले लड़ाई लड़ी है और जीत हासिल की है। हम फिर से ऐसा करेंगे।



❑ **'आप और कांग्रेस के साथ पर भाजपा को नहीं रोका जा सकता'**

दिल्ली में हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) की हार का जिक्र करते हुए अभिषेक ने तर्क दिया कि भाजपा के 'झूठे विमर्श' इसलिए प्रबल हुए क्योंकि आप उनका प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में विफल रही। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि उन्होंने दिल्ली सरकार को काम नहीं करने दिया और फिर दुष्प्रचार किया कि आप सरकार निकम्मी है। उन्होंने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को सलाखों के पीछे डाल दिया। फिर वे कैसे काम करेंगे? अभिषेक बनर्जी ने इस स्थिति की पश्चिम बंगाल से तुलना करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र ने जानबूझकर राज्य के लिए निर्धारित धन रोक लिया और फिर तृणमूल सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्होंने बंगाल में भी बिल्कुल वही किया। उन्होंने धन भेजने का दावा किया जबकि हम पर इसे रोकने का आरोप लगाया गया। हमने 50 लाख लोगों से संपर्क किया, सच्चाई बताई और केंद्र से श्वेत पत्र मांगा, जिसे वे पेश करने में विफल रहे।

❑ **'जिन्होंने कभी लक्ष्मी भंडार को खत्म करने की बात कही थी, आज वही राशि बढ़ाने का वादा कर रहे'**

वर्ष 2026 के चुनावों के बाद 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मासिक भत्ता बढ़ाकर 3,000 रुपये करने के भाजपा के वादे पर अभिषेक बनर्जी ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि वही लोग जिन्होंने कभी कहा था कि वे 'लक्ष्मी भंडार' को खत्म कर देंगे, अब राशि बढ़ाने का वादा कर रहे हैं। यह 'मां-माटी-मानुष' विचारधारा की जीत है। केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अभिषेक बनर्जी ने इसे 'बंगाल विरोधी' करार दिया।

### अभिषेक बनर्जी के फेसबुक पेज इनफो में बदलाव! तृणमूल सांसद के वकील ने मेटा को भेजी शिकायत

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के आधिकारिक फेसबुक पेज के इनफो में बदलाव को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दो दिन पहले उनके फेसबुक पेज के 'बायो' में तृणमूल कांग्रेस का नाम गायब पाया गया था, जबकि 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर उनकी प्रोफाइल में पार्टी का जिक्र बरकरार था। इस बदलाव को लेकर राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है। अभिषेक बनर्जी के वकील संजय बसु ने मेटा को औपचारिक शिकायत भेजी है, जिसमें दावा किया गया है कि उनके फेसबुक पेज की जानकारी में अनधिकृत बदलाव किया गया। शिकायत में इसे अवांछित गतिविधि बताया गया है और मेटा से इस पर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। शुरुआती जांच में पता चला कि अभिषेक बनर्जी के फेसबुक पेज पर पार्टी का जिक्र सीधे 'बायो' में नहीं था, बल्कि एक हाइपरलिंक के जरिए नीचे दिया गया था। हालांकि, अब जब मेटा को औपचारिक शिकायत भेजी गई है, तो यह स्पष्ट हो गया है कि पेज की जानकारी में बदलाव हुआ था। गुरुवार को सामने आई जानकारी के अनुसार, अब अभिषेक बनर्जी के फेसबुक पेज के 'बायो' में फिर से तृणमूल कांग्रेस का जिक्र किया गया है। वकील संजय बसु की ओर से मेटा को भेजी गई शिकायत में इस बदलाव के पहले और बाद के स्क्रीनशॉट भी संलग्न किए गए हैं। अभिषेक के करीबी सूत्रों का कहना है कि उनके समर्थकों ने जब इस बदलाव के बारे में उन्हें बताया, तब जाकर उन्हें इसकी जानकारी मिली। अब देखना होगा कि मेटा इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और यह बदलाव तकनीकी गड़बड़ी थी या फिर किसी अन्य वजह से किया गया था।

❑ **जेपीसी रिपोर्ट पर केंद्र पर साधा निशाना**

तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा विपक्ष की आवाज बंद करने की कोशिश कर रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर अभिषेक बनर्जी ने कहा कि वे यही करते हैं। आपने देखा कि वे किस तरह विपक्ष की आवाज को दबाते हैं। ठीक है, देखते हैं, क्या होता है। जनता देख रही है।

❑ **'भाजपा जो भी देती हैं, जीएसटी के जरिए वापस ले लेती हैं'**

केंद्रीय बजट में आयकर में छूट की केंद्र सरकार की घोषणाओं की आलोचना करते हुए अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट की बात कर रही है, लेकिन पानी को छोड़कर हर चीज पर जीएसटी लगाया गया है। वे जो भी देते हैं, जीएसटी के जरिए वापस ले लेते हैं।

### नोनाडांगा में अर्ध-विक्षिप्त अवस्था में मिला युवक का शव

**कोलकाता :** नोनाडांगा के स्थानीय निवासियों से मिली सूचना के आधार पर रात 21:35 बजे पुलिस ने भाई भाई कॉलोनी आबासन, न्यू हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, नोनाडांगा में एक खाली कमरे से आंशिक रूप से सड़ा-गला शव बरामद किया। मौके पर पहुंची पुलिस को करीब 35 वर्षीय एक पुरुष का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक को लिगार (स्थानीय नाम) के रूप में जाना जाता था और वह पिछले 3-4 वर्षों से नोनाडांगा में रह रहा था। वह अत्यधिक शराब पीने का आदी था और कई बीमारियों से पीड़ित था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक आनंदपुर के मुंडापाड़ा इलाके का निवासी था। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं पाई गई। शव की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास जारी हैं।

## विधानसभा में तृणमूल के 118 विधायकों ने नहीं लिया किसी भी चर्चा में हिस्सा, सक्रिय करने की तैयारी में पार्टी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में 118 तृणमूल विधायकों की निष्क्रियता को लेकर पार्टी नेतृत्व ने सख्त रुख अपनाया है। उन्हें पार्टी बूस्टर डोज देने की तैयारी में है। पता चला है कि पिछले चार वर्षों में इन विधायकों ने किसी भी चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव या विधेयक पर बहस में भाग नहीं लिया। अब तृणमूल नेतृत्व ने इन विधायकों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी और पार्टी के मुख्य सचेतक निर्मल घोष को सौंपी है। दरअसल, हाल ही में, तृणमूल कांग्रेस की विधानमंडलीय दल की समीक्षा बैठक में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पार्टी के 222 विधायकों में से 118 ने बीते चार सालों में विधानसभा में एक शब्द तक नहीं बोला। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट सत्र के पहले ही दिन विधायकों की बैठक बुलाई थी। विधानसभा में तृणमूल विधायकों की चुप्पी पार्टी के लिए असहज स्थिति उत्पन्न कर रही है। 2026 में, बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी के पास अपने विधायकों को सक्रिय करने के लिए सिर्फ एक साल का समय है। इसी को ध्यान में रखते हुए तृणमूल नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि 118 निष्क्रिय विधायकों को हर हाल में विधानसभा में बोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा कि हम विधायकों को दंडित नहीं करना चाहते, बल्कि उन्हें सत्र के दौरान सक्रिय करने की जिम्मेदारी लेंगे। बजट सत्र ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी सभी विधायकों को चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार किया जाएगा।

❑ **तृणमूल संसदीय दल ने पहली बार बोलने वाले विधायकों की तैयार सूची**

बुधवार को बजट पेश होने के बाद चार दिनों का अंतराल है, जिसमें सोमवार और मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी और बुधवार-गुरुवार को बजट पर बहस होगी। इस चर्चा के दौरान उन विधायकों को अनिवार्य रूप से बोलने के निर्देश दिए गए हैं, जिन्होंने अब तक विधानसभा में कोई भाषण नहीं दिया। मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने अपने कार्यालय को निर्देश दिया कि इन विधायकों के नाम स्पीकर के पास भेजे जाएं ताकि वे अनिवार्य रूप से चर्चा में भाग लें। तृणमूल संसदीय दल ने पहली बार बोलने वाले विधायकों की सूची भी तैयार कर ली है, जिसमें आमता से सुकांत पाल, बसीरहाट दक्षिण से सप्तर्षि बनर्जी, हरिपाल से करबी मन्ना, चांपदानी से अरिंदम गुइन सहित कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा, उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों को भी चर्चा में भाग लेने के लिए कहा गया है। इनमें मेदिनीपुर के विधायक सुजॉय हाजरा, नैहाटी के विधायक सनत दे, तालडांगरा के विधायक फाल्गुनी सिंह, हाड़ोआ के विधायक शेख रबीउल इस्लाम और सिताई की विधायक संगीता राय प्रमुख हैं।

## तृणमूल प्रतिनिधिमंडल ने लंबित अपराजिता विधेयक को लेकर राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उनसे अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया, जिसे राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने गत 6 सितंबर को उन्हें भेजा था। प्रतिनिधि मंडल में क्रमशः राज्यसभा और लोकसभा में पार्टी संसदीय दल के नेता डेरेक ओ ब्रायन एवं सुदीप बंद्योपाध्याय के अलावा सांसद डोला सेन, प्रतिमा मंडल और पार्टी की अन्य महिला सांसद शामिल थीं। मुलाकात के बाद, तृणमूल नेताओं ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति का ध्यान लंबित विधेयक की ओर आकर्षित किया। उल्लेखनीय है कि गत 3 सितंबर, 2024 को पश्चिम बंगाल विधानसभा ने सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया, जिसमें दुष्कर्म के ऐसे दोषियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है, जिनके कृत्यों के परिणामस्वरूप पीड़िता की मृत्यु हो जाती है या वह अचेत अवस्था में चली जाती है। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद, मीडिया से बात करते हुए तृणमूल नेताओं ने कहा कि उन्होंने अपनी मांगों के बारे में राष्ट्रपति को अवगत करवा दिया है। राष्ट्रपति के जवाब के बारे में पूछे जाने पर सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि उन्होंने प्रतिनिधिमंडल की बात को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करेंगी। प्रतिमा मंडल ने संवाददाताओं से कहा कि यह विधेयक पश्चिम बंगाल विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख लिया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति का इंतजार कर रहा है। हमने राष्ट्रपति से इस विधेयक के संबंध में जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।



## बंगाल में पीएम जनमन के तहत आवास, सड़क, आंगनवाड़ी पर कोई प्रगति नहीं : केंद्र

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के लिए 'पीएम जनमन' के तहत आवास, सड़क, आंगनवाड़ी और छात्रावास पर पश्चिम बंगाल में कोई प्रगति नहीं हुई है। भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि पीएम जनमन के तहत बहु-उद्देशीय केंद्र स्थापित करने थे, जिसे मंत्रालय से पूरी वित्तीय मदद मिलनी थी। लेकिन, पश्चिम बंगाल सरकार ने अब तक इन केंद्रों के लिए प्रस्ताव नहीं भेजे हैं। इसके अलावा, विभागों या मंत्रालयों से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल में पीएम जनमन के तहत आवास, सड़कें, आंगनवाड़ी और छात्रावासों पर कोई प्रगति नहीं देखी गई है। पुरुलिया से सांसद महतो ने पूछा था कि क्या राज्य सरकार पीएम जनमन के क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से भाग ले रही है और अब तक किस तरह की प्रगति हुई है। इस पर, उइके ने कहा कि मंत्रालय पश्चिम बंगाल सरकार से नियमित रूप से संपर्क कर रहा है, ताकि पीएम जनमन का सही तरीके क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनका मंत्रालय राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मिलकर पीएम गतिशक्ति मोबाइल एप का उपयोग कर पीवीटीजी की आबादी का अनुमान लगाने और बुनियादी ढांचे में खामियों की पहचान कर रहा है, ताकि उन्हें पीएम जनमन में शामिल किया जा सके।

### एनआईए अदालत ने बीरभूम के गांगपुर विस्फोट मामले में गिरफ्तार बाबलू को ठहराया दोषी

❑ **कल सजा का ऐलान करेगी अदालत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बीरभूम जिले के गांगपुर गांव में 2019 में हुए विस्फोट मामले में गिरफ्तार बाबलू मंडल को एनआईए अदालत ने दोषी ठहराया है। अदालत ने उसे विस्फोटक पदार्थ कानून, यानी एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट की धारा 3 और 5 के तहत दोषी पाया है। इस मामले में शनिवार को सजा का ऐलान किया जाएगा। 20 सितंबर 2019 को बीरभूम के लोकपुर थाना क्षेत्र के गांगपुर गांव स्थित बाबलू मंडल के घर में विस्फोट हुआ था। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि घर की टिन की छत उड़ गई। हालांकि, उस समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। इस घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और बाबलू मंडल के साथ उसके दो बेटों निरंजन और मृत्युंजय के खिलाफ मामला दर्ज किया। तीनों को गिरफ्तार किया गया था। जांच के बाद बाबलू मंडल के दोनों बेटे जमानत पर रिहा हो गए, लेकिन वे बाद में फरार हो गए। मामला कोलकाता हाई कोर्ट में पहुंचने के बाद, अदालत ने एनआईए को जांच सौंप दी। एनआईए ने विस्फोटक पदार्थ कानून के तहत चार्जशीट दाखिल की, जिसमें 54 गवाहों को पेश किया गया, जिनमें से 28 गवाहों ने अदालत में गवाही दी। गुरुवार को एनआईए अदालत ने बाबलू को दोषी ठहराया। अब शनिवार को इस मामले में अदालत सजा का ऐलान करेगी, और बाबलू को उम्रभर की सजा भी हो सकती है।

### बंगाल पुलिस ने मोहन भागवत की सभा को अनुमति देने से किया इनकार, आरएसएस पहुंचा हाईकोर्ट



**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की राज्य इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति न दिए जाने को चुनौती दी। दरअसल, जिला पुलिस ने इस आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि, पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए उस दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। जिला पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करते हुए यह भी कहा कि आरएसएस प्रमुख की प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है। हालांकि, एक प्रतिवाद यह भी है कि चूंकि बैठक रविवार को होगी, इसलिए परीक्षा प्रक्रिया बाधित होने का सवाल ही नहीं उठता। गुरुवार को आरएसएस की राज्य इकाई ने पुलिस की अनुमति न दिए जाने को चुनौती देते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि रविवार को बर्दवान में प्रस्तावित बैठक मध्य बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित करने की कवायद का हिस्सा है।

## 'पोस्ट ऑफिस में लोगों की मेहनत की कमाई गायब, हाईकोर्ट ने दिया सीआईडी जांच का आदेश

❑ **अगले 6 महीने के भीतर जांच पूरी करने का आदेश**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाई कोर्ट ने एक अहम आदेश में कहा है कि पूर्व वर्द्धवान के जमालपुर के पोस्ट ऑफिस में जमा हुई लोगों की मेहनत की कमाई गायब हो गई है, जबकि पुलिस इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। कोर्ट ने सीआईडी के एडीजी को इस मामले की जांच सौंपते हुए, जांच को अगले छह महीनों में पूरा करने का आदेश दिया है। कोर्ट के जज तीर्थंकर घोष ने कहा, लोग अपनी मेहनत की कमाई पोस्ट ऑफिस में जमा करते हैं, और वह गायब हो जाती है। पुलिस कुछ भी नहीं कर रही है। अगर सरकारी कर्मचारियों के पैसे इस तरह से गायब हो जाएं और पुलिस कुछ न करे, तो लोगों का विश्वास टूट जाएगा। पिछले डेढ़ साल से जमालपुर थाने ने कुछ नहीं किया। अगर केंद्रीय सरकारी संस्थान में लोगों को इस तरह धोखा दिया जाए, तो लोग कहां जाएंगे? हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इस मामले के पहले दो जांच अधिकारियों को एडीजी सीआईडी के सामने पेश किया जाए, ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि उन्होंने अब तक इस मामले में क्या कदम उठाए हैं। कोर्ट ने इस जांच को छह महीने के अंदर समाप्त करने की भी अपील की है।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 77/City (E) of 2024-25** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for 08 (eight) nos. work are invited from bonafied outsider only having credential for similar nature of works.

Bid Submission Closing Date (online) will be on **27.02.2025 at 16.00 hrs.** for **Tender ID: 2025_PWD_815811_1/2/3/4/5/6/7/8.** Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in** & **http://wbpwd.in** .

**Sd/-**
**Executive Engineer-I**
**City Division, P.W.D**

**Name Change**

I, RENU LALWANI(OLD NAME), DAUGHTER OF BHAGWANDAS LALWANI, RESIDING AT NIHON APT, BLOCK - D,4TH FLOOR, 26B DR. SURESH SARKAR ROAD,KOLKATA - 700014, WEST BENGAL, SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS RENUKA LALWANI VIDE AN AFFIDAVIT SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 12/02/2025. THAT RENU LALWANI AND RENUKA LALWANI BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं.: सीओएम/पीयूबी/पीआरओ/ई-ऑक्शन/पार्किंग/25** **दिनांक: 12.02.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से खुली ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। विवरण इस प्रकार है: **नीलामी की किस्म:** पार्किंग। **ई-नीलामी कैटलॉग सं.:** एएसएन-पार्क23-2702, **ई-नीलामी शुरू होने की तिथि:** दिनांक 27.02.2025 को 11.00 बजे। **स्टेशन/स्थान के नाम:** आसनसोल रेलवे स्टेशन के उत्तरी भाग के सर्कुलेटिंग एरिया में टू (02) - व्हीलर स्टाफ पार्किंग। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-330/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/जीबीटी/आरएस/24, दिनांक: 12.02.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 के द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-6, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 26.02.2025 को 12.00 बजे। **क्रम सं.; लॉट सं.; विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीकेई-ओएच-137-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); डानकुनी, बेलुड़मठ और सेवड़फुली स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 07 (सात) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एए/2;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीबीईई-ओएच-139-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); बैद्यबाटी, मानकुंडु, चुचुड़ा और बैण्डेल स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 09 (नौ) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन। **एए/3;** एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-डीईए-ओएच-140-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम); दियारा, नालिकुल, हरिपाल, कैकाला और आरामबाग स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया में 06 (छह) ग्लोबॉल टावरों की स्थापना के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का प्रदर्शन।

HWH-602/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**आगरा कैंट. और कोलकाता के बीच कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 01903/01904 **आगरा कैंट.-कोलकाता-आगरा कैंट. कुंभ मेला स्पेशल** ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेगी:-

| आगरा कैंट.-कोलकाता स्पेशल | | | (01903) (01904) | कोलकाता-आगरा कैंट. स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| सोम, बृहस्पति | - | 20.00 | ↓ आगरा कैंट. | 08.00 | - | बृहस्पति, रवि |
| मंगल, शुक्र | 04.10 | 04.15 | प्रयागराज जं. | 23.25 | 23.30 | बुध, शनि |
| | 10.10 | 10.20 | पटना जं. | 16.10 | 16.20 | |
| | 14.48 | 14.50 | जसीडीह जं. | 11.23 | 11.25 | |
| | 17.00 | 17.05 | आसनसोल जं. | 09.08 | 09.13 | |
| | 19.06 | 19.08 | बर्द्धमान | 07.33 | 07.35 | |
| | 22.00 | - | कोलकाता ↑ | - | 05.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में फतेहाबाद, बह, इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल जं., झाझा, मधुपुर, चित्तरंजन और दुर्गापुर स्टेशनों पर भी रुकेगी। **आवागमन की तिथियाँ: 01903 आगरा कैंट. से** दिनांक 17/02, 20/02 और 24/02/2025 (सोमवार एवं बृहस्पतिवार) को = 03 ट्रिप और 01904 **कोलकाता से** दिनांक 19/02, 22/02 और 26/02/2025 (बुधवार एवं शनिवार) को = 03 ट्रिप। **गठन:** प्रथम एसी सह एसी-2 टियर - 01, एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर - 02, शयनयान श्रेणी - 06, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) - 06 और एसएलआरडी - 02 = 18 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हाईकोर्ट ने नंदीग्राम और खेजुरी में हुई हत्याओं से जुड़े 10 मामलों को फिर से शुरू करने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** 2007 में भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान नंदीग्राम और खेजुरी में दर्ज 10 हत्या के मामलों को फिर से शुरू किया जाएगा। कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को कहा कि हत्या से संबंधित आपराधिक मामलों में आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि मामलों को फिर से शुरू किया जाए। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 2020 में मुकदमों को वापस ले लिया था। कोर्ट ने सरकार के फैसले को कानून की नजर में खराब करार दिया। उल्लेखनीय है कि 2011 में, ममता बनर्जी की सरकार आने के बाद, 2014 में राज्य मंत्रिमंडल ने इन मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। तर्क दिया गया था कि गरीब भूमिहारों ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत अपनी आजीविका की रक्षा के लिए तत्कालीन भूमि नीति के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कुछ हद तक निजी बचाव के अधिकार का प्रयोग किया था। तत्कालीन सरकार के कहने पर पुलिस ने उन किसानों के खिलाफ औपचारिक आपराधिक मुकदमा चलाया था। निचली अदालतों ने उीझउ की धारा 321 (मुकदमे से वापसी) के तहत इन याचिकाओं को अनुमति दी थी। इसके बाद हाईकोर्ट में इन फैसलों को चुनौती दी गई थी।



इस दिन, न्यायमूर्ति देबांगसु बसाक और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि मामलों को पुनर्जीवित करने के लिए अभियोजन पक्ष द्वारा उचित कदम उठाए जाएं। पीठ ने कहा कि दस आपराधिक मामलों के आरोपियों पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 321 के तहत अभियोजन वापस लेने की अनुमति देना सार्वजनिक हित में नहीं होगा। इससे सार्वजनिक नुकसान और क्षति होगी। कोर्ट ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 321 को लागू करने के राज्य के फैसले को कानूनी या वैध नहीं कहा जा सकता है। जब सांविधानिक प्रावधान किसी भी राज्य को किसी भी तरीके या रूप में हिंसा को हतोत्साहित करने के लिए बाध्य करते हैं, तो इसकी राजनीतिक हिंसा को नजरअंदाज करने के रूप में गलत व्याख्या किए जाने की संभावना है।

पीठ ने कहा कि समाज में किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्मूलन एक आदर्श है। इसके लिए राज्य को प्रयास करना चाहिए। लोकतंत्र में चुनाव से पहले या बाद में किसी भी तरीके या रूप में हिंसा से बचना चाहिए। किसी भी राज्य को किसी भी प्रकार की हिंसा के प्रति शून्य सहिष्णुता प्रदर्शित करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि 2007 में नंदीग्राम और पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी में अलग-अलग घटनाओं में दस से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई थी। ऐसी घटनाओं में आपराधिक मामलों को सीआरपीसी की धारा 321 के तहत शांति और शांति की वापसी के आधार पर वापस लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द करते हुए पीठ ने कहा कि आपराधिक मामलों के प्रभारी लोक अभियोजक जहां सीआरपीसी की धारा 321 के तहत आवेदन की स्वीकृति के आदेश पारित किए गए थे, इस फैसले और आदेश की तारीख से एक पखवाड़े के भीतर उचित कदम उठाएंगे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बंगाल पुलिस ने जामताड़ा गिरोह से जुड़े 46 लोगों को किया गिरफ्तार

- संख्या में सिम कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड जब्त, कई बैंक खाते भी किए गए फ्रीज
- दक्षिण बंगाल के एडीजी का दावा, एक माह में प्राप्त 250 शिकायतों में से 90 प्रतिशत का समाधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश भर में साइबर अपराधों के लिए स्वर्ग बन चुके जामताड़ा लोगों के लिए हर रोज परेशानी का सबब बन रहा है। ऐसे में बंगाल भी इससे अछूता नही है और प्रदेश भर में साइबर ठगी बढ़ती जा रही है। राज्य पुलिस इसे रोकने के लिए ऑपरेशन 'साइबर शक्ति' नामक एक विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत पिछले 15 दिनों में पुलिस ने राज्य के विभिन्न हिस्सों से 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, बड़ी संख्या में सिम कार्ड, डेबिट और क्रेडिट कार्ड जब्त किए गए हैं। जांचकर्ताओं ने कई बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। दक्षिण बंगाल के एडीजी सुप्रतिम सरकार ने बताया कि आसनसोल, बीरभूम, दुर्गापुर, चंदननगर और पूर्व बर्दवान से कई शिकायतें मिली हैं। साइबर धोखाधड़ी मुख्य रूप से किसी प्रसिद्ध कंपनी के नाम पर की जाती है। डिजिटल गिरफ्तारी की भी कई शिकायतें मिली हैं। इसके अलावा, फर्जी नौकरियां, फर्जी निवेश, गैस लाइन उपलब्ध कराने के नाम पर धोखाधड़ी और सेक्सटॉर्शन सहित कई आरोप भी थे। इसीलिए राज्य पुलिस ने ऑपरेशन 'साइबर शक्ति' शुरू किया। इसके लिए 10 टीमें गठित की गईं। एडीजी के कहा कि साइबर ठगों ने बीरभूम, आसनसोल, चंदननगर, पूर्व बर्दवान सहित कई स्थानों पर छोटे-छोटे समूहों में ठिकाने बनाए और लोगों को धोखा दिया। तलाशी लेने के बाद साइबर जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया गया। ये सभी झारखंड के जामताड़ा गैंग से जुड़े हुए हैं। विभिन्न स्रोतों से जांच के बाद पिछले 15 दिनों में 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक माह के भीतर प्राप्त 250 शिकायतों में से 90 प्रतिशत का समाधान कर दिया गया है।



## मुर्शिदाबाद में एक और बांग्लादेशी आतंकी संगठन हिजबुल ताहेरी की गतिविधियों का पता चला

**बांग्लादेश सीमा से लगे चुनिंदा क्षेत्रों में कर रहा है विस्तार**

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** मुर्शिदाबाद में आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) के बाद बांग्लादेश के एक और आतंकी संगठन हिजबुल ताहेरी की गतिविधियों के बारे में पता चला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हिजबुल ताहेरी ने बांग्लादेश की सीमा से लगे कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में अपने संगठन का विस्तार करना शुरू कर दिया है। बता दें कि अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के कई आतंकियों को हाल में मुर्शिदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिजबुल ताहेरी हाल में मुर्शिदाबाद के फरक्का, शमशेरगंज, सुती और धुलियान में अपना नेटवर्क फैलाने की कोशिश कर रहा है। जांचकर्ताओं को जानकारी मिली है कि संगठन के कई सदस्य भी जिले में आ चुके हैं। जंगीपुर पुलिस जिला अधीक्षक आनंद राय ने कहा कि यह खुफिया जानकारी थी। हम इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रहे हैं। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि जिले में कोई व्यक्ति हिजबुल ताहेरी से जुड़ा है या नहीं और जिले में कितने स्लीपर सेल सक्रिय हैं। धुलियान और फरक्का में संगठन से जुड़े दो लोगों के बारे में पचा चला है। वे स्थानीय युवाओं को संगठन में शामिल करने का प्रयास कर रहे थे। दोनों से पूछताछ के बाद जांचकर्ताओं को पता चला कि संगठन के शीर्ष नेताओं ने पिछले सितंबर में भी जिले का दौरा किया था। धुलियान के आमिर नामक एक व्यक्ति ने इन सभी गतिविधियों का प्रबंधन किया था। जांचकर्ताओं को पता चला है कि मुर्शिदाबाद में हिजबुल ताहेरी के अभी भी 40 से अधिक स्लीपर सेल हैं। सीमा पर और सीमा पार विभिन्न मदरसों में कई लोगों को हथियारों के इस्तेमाल और विस्फोटक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें भारतीय पहचान पत्र भी दिए गए हैं। अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के बाद हिजबुल ताहेरी की गतिविधियों को लेकर जिला प्रशासन चिंतित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, केंद्र और राज्य के बीच समन्वय के जरिए आतंकी संगठन को पूरी तरह से खत्म करने के लिए एक ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है।

## तपन सिन्हा मेमोरियल हॉस्पिटल में आयोजित हुआ कार्यकारी स्वास्थ्य जांच शिविर

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे के चिकित्सा विभाग द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि मेट्रो कर्मचारियों, अधिकारियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल और जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसी कड़ी में 13 फरवरी 2025 को तपन सिन्हा मेमोरियल हॉस्पिटल में एक कार्यकारी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 61 अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न स्वास्थ्य मानकों की जांच की गई और रक्त परीक्षण भी किए गए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक परामर्श दिया।

## यह बजट राज्य में प्रगति और समृद्धि की नई राह खोलेगी : अरुण कोठारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को 2025-26 के लिए कुल राशि 3.89 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस बजट में राज्य सरकार के कर्मचारियों के डीए में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, जो कर्मचारियों के लिए राहत की बात है। बजट में सरकार ने आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण विकास, बुनियादी ढांचे और कल्याण कार्यों को प्राथमिकता दी है। इस बजट पर विभिन्न क्षेत्र से सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली।

राज्य बजट 2025 पर उद्योगपति अरुण कोठारी ने एक सकारात्मक और उत्साहजनक प्रतिक्रिया दी है। वह एसोसिएट चैंबर ऑफ कॉमर्स के को-चेयरमैन, बीएनआई एपिटोम चैप्टर के एडवाइजर और फेडरेशन ऑल इंडिया व्यापार मंडल के गवर्निंग बॉडी हैं, और उनका मानना है कि इस बजट ने बंगाल के विकास के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा पेश किया गया यह बजट व्यापारियों के लिए राहत लेकर आया है और उन्होंने इसे संतुलित और सोच-समझकर तैयार किया हुआ बताया। उन्होंने कहा कि इस बजट से न केवल व्यापारी समुदाय को फायदा होगा, बल्कि आम नागरिकों और गरीबों को भी इसका लाभ मिलेगा, जिससे राज्य में प्रगति और समृद्धि की नई राह खुलेगी।

## मकाऊट की छात्रा की मौत पर विरोध जारी, रजिस्ट्रार को एक माह की छुट्टी पर भेजा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (मकाऊट) के रजिस्ट्रार पार्थ प्रतिम लाहिड़ी को नदिया जिले में हरिनघाटा परिसर में एक छात्रा की मौत पर उनके खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर एक महीने की छुट्टी पर जाने को कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को एक परीक्षा के दौरान नकल करते हुए पकड़ी गई छात्रा ने विश्वविद्यालय की इमारत की पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी थी। उसे हरिनहाटा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच, आंदोलनकारियों और विश्वविद्यालय अधिकारियों के



बीच बातचीत के बाद गुरुवार को हरिनघाटा परिसर में कक्षाएं फिर से शुरू हुईं। कार्यवाहक कुलपति तपस चक्रवर्ती ने बताया कि 5 फरवरी को शुरू हुई लेकिन 11 फरवरी से रुकी हुई आंतरिक परीक्षाएं भी 17 फरवरी को फिर से शुरू होंगी। चक्रवर्ती ने कहा कि छात्रा को अस्पताल ले जाने में देरी लेकर लाहिड़ी के खिलाफ छात्रों के एक वर्ग द्वारा चल रहे विरोध प्रदर्शन को देखते हुए, उन्हें एक महीने की छुट्टी पर रहने का निर्देश दिया गया है, और विश्वविद्यालय की अपनी जांच उस समय तक पूरी हो जाने की उम्मीद है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने दावा किया कि उन्हें 15-20 मिनट इंतजार करने के बाद ई-रिक्शा की व्यवस्था करनी पड़ी और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। चक्रवर्ती ने कहा कि मैंने छात्रों के साथ सौहार्दपूर्ण चर्चा की और बाद में उन्होंने अपना आंदोलन वापस ले लिया और अब स्थिति सामान्य है। रजिस्ट्रार से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका।

## आकाशवाणी कोलकाता का 'सेफ साइबर' कार्यक्रम आयोजित




**कोलकाता, समाज्ञा :** आकाशवाणी कोलकाता ने सफलतापूर्वक सेफ साइबर के नाम से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ब्रॉडकास्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एंड नेटवर्क डेवलपमेंट योजना के तहत आयोजित किया गया था। जोड़ासांको स्थित रवींद्र मंच में हुए इस कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय और आम जनता सहित विभिन्न आयु वर्ग और पेशेवर क्षेत्रों के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, कानून प्रवर्तन अधिकारियों और बैंकिंग पेशेवरों के एक प्रतिष्ठित पैनल ने उभरते साइबर खतरों और डिजिटल सुरक्षा उपायों पर चर्चा की। इस दौरान एक इंटरएक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने विशेषज्ञों से सीध साइबर सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। पैनलिस्ट में बिपिन कुमार साहू उप महाप्रबंधक (वित्त और संचालन), भारतीय स्टेट बैंक, राजर्षि राय चौधुरी साइबर वकील, कलकत्ता उच्च न्यायालय, सम्यजीत मुखर्जी प्रबंधक साइबर सुरक्षा, इंडियन स्कूल ऑफ एथिकल हैकिंग तथा बिदित कुमार मंडल उप पुलिस अधीक्षक, पश्चिम बंगाल पुलिस शामिल थे। कार्यक्रम के समापन पर, सभी प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्ष जागरूकता को आगे बढ़ाने और रेडियो को शिक्षा एवं सामाजिक सशक्तिकरण के एक प्रभावी माध्यम के रूप में मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स को ट्रैक करेगा। यह ओपन-एंडेड स्कीम भारत की टॉप 100 सूचीबद्ध कंपनियों में से निफ्टी 50 के बाद आने वाली 50 कंपनियों में निवेश करती है। ये कंपनियां लार्ज कैप होने के बावजूद मिड और स्मॉल-कैप जैसी उच्च विकास क्षमता दिखाती हैं। न्यू फंड ऑफर गुरुवार यानी 13 फरवरी से खुल चुका है और 25 फरवरी को बंद होगा। निवेशक इसे लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, और सीधे वेबसाइट के माध्यम से खरीद सकते हैं। बंधन एएमसी के सीईओ, विशाल कपूर ने कहा, निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स निवेशकों को स्थापित कंपनियों में निवेश का मौका देता है, जो अभी भी उच्च विकास की ओर बढ़ रही हैं। इस इंडेक्स ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है और हाल ही में बाजार सुधार के बाद मजबूत रिकवरी की संभावना है। यह फंड उन निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो उच्च जोखिम और रिटर्न क्षमता वाली लार्ज कैप रणनीति में निवेश करना चाहते हैं।

## वीरता व विशिष्ट सेवा पदकों से सम्मानित हुए पूर्वी कमान के 42 जांबाज सैनिक

- 21 जांबाज सैनिकों को वीरता, दो को युद्ध सेवा पदक और पांच विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेना की पूर्वी कमान ने बुधवार को अपने वार्षिक अलंकरण समारोह में मातृभूमि की रक्षा में अदम्य वीरता, कर्तव्य के प्रति समर्पण व विशिष्ट सेवा के लिए अपने कुल 42 पुरस्कार विजेताओं जांबाज सैनिकों व अधिकारियों को वीरता व अन्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया। कोलकाता में सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक, इनमें कर्तव्यों के प्रति असाधारण समर्पण व जान हथेली पर रखकर आतंकियों और उग्रवादियों के मंसूबे नाकाम करने वाले 21 जांबाज सैनिकों को सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, दो को युद्ध सेवा



अलंकरण समारोह में एक सैनिक को वीरता पदक प्रदान करते पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी।

पदक, पांच को सेना पदक (विशिष्ट सेवा), दो को बार टू सेना पदक (प्रतिष्ठित) और एक को बार टू विशिष्ट सेवा पदक और 11 अधिकारियों को विशिष्ट सेवा पदक (वीएसएम) प्रदान किए गए। झारखंड की राजधानी रांची के दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन में आयोजित इस भव्य अलंकरण समारोह-2025 में पूर्वी कमान के प्रमुख (जनरल ।फिसर कमांडिंग-इन-चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने इन पुरस्कार विजेताओं को ये पदक प्रदान किए। इस मौके पर भारतीय वायुसेना की एक हेलीकड़प्टर इकाई सहित पूर्वी कमान की 45 यूनिटों को भी उनकी असाधारण पेशेवर क्षमता व उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए पूर्वी आर्मी कमांडर (जीओसी-इन-सी) प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया, जिन्होंने साल 2024 में पूरे वर्ष के दौरान सराहनीय प्रदर्शन किया। अलंकरण समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्वी आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए उनसे इसी तरह अपना सर्वश्रेष्ठ देने और भारतीय सेना की उच्च परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में बड़ी संख्या में सैन्यकर्मी, वरिष्ठ अधिकारीगण अन्य गणमान्य लोग, स्कूल-कालेजों के छात्र और पुरस्कार विजेताओं के परिवार के लोग शामिल हुए।

## विवो इंडिया ने विवो इग्नाइट के तीसरे एडिशन के लिए साझेदारी की

**नई दिल्ली/कोलकाता**

इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड विवो ने अपने प्रमुख सीएसआर प्रोग्राम, विवो इग्नाइट: टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन इनिशिएटिव (टीएंडआई इनिशिएटिव) के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल टेक्नोलॉजी - एनसीईआरटी (सीआईईटी-एनसीईआरटी), आईआईटी मद्रास प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन और यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया (यूएन जीसीएनआई) के साथ साझेदारी की है। ये सहयोग टीएंडआई इनिशिएटिव को और आगे बढ़ाएंगे, जो भारत के युवाओं, विशेष रूप से कक्षा 8-12 के छात्रों को रिसॉरसेज़, मेंटरशिप और प्लेटफॉर्म प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने पर केंद्रित है, ताकि वे इनोवेटिव सॉल्यूशंस के माध्यम से दुनिया की कुछ सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों से निपट सकें।

वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट रणनीति प्रमुख गीताज चन्नाना ने कहा, वीवो में हम सहयोग की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं। यह साझेदारी सिर्फ़ एक गठबंधन नहीं है, बल्कि भारत के युवाओं को सफल होने के लिए ज़रूरी टूल्स और गाइडेन्स देकर एक सस्टैनेबल फ्यूचर बनाने की साझा प्रतिबद्धता है।

## एलजी इंडिया ने भारतभर में रक्तदान अभियान का किया विस्तार, युवाओं को प्रेरित करने की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपनी मेगा रक्तदान अभियान के तीसरे संस्करण की घोषणा की, जिसका उद्देश्य जीवन अच्छा होता है जब जीवन साझा किया जाता है के संदेश को फैलाना है। इस अभियान के तहत 70 शहरों में 400 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। वर्ष 2019 और 2023 में, एलजी ने 188 शिविरों के माध्यम से 17,700 से अधिक रक्तदाताओं को पंजीकृत किया था। 2025 के अभियान का लक्ष्य 30 हजार पंजीकरण प्राप्त करना है। एलजी के एमडी होंग जू जियोन ने कहा, हमारे सीएसआर कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में बदलाव लाना है। यह अभियान हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि जीवन साझा करने से ही जीवन अच्छा बनता है। इस पहल में विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर डत्र्ः भारत में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहा है।

## गरफा में बीच सड़क पर युवती से छेड़छाड़, विरोध करने पर हमला व हत्या की धमकी का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में यौन उत्पीड़न का विरोध करने पर एक महिला के घर पर हमला करने का प्रयास किये जाने के आरोप लगा है। पीड़िता ने पहले ही गरफा पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज करा दी है। हालांकि, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मूल रूप से घर लौटते समय युवती से 'दुर्व्यवहार' करने का आरोप लगा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि जब उसने विरोध किया तो उसके साथ गाली-गलौज भी की गई। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी युवक और उसके परिवार ने उसके घर पर भी हमला किया। पीड़िता ने बताया कि बात यहीं खत्म नहीं हुई, उसे सरेआम हत्या और एसिड अटैक की भी धमकी दी गई। युवती ने आगे आरोप लगाया कि जब वह पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने गई तो आरोपी ने ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी के सामने ही उसे पीटने और उसकी आंखें फोड़ने की धमकी दी। हालांकि, स्थानीय पार्षद ने आश्वासन दिया है कि अपराधी को कड़ी सजा दी जाएगी।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने माइक्रोसॉफ्ट के 'कोड फॉर भारत सीजन-1' हैकाथॉन में जीता प्रथम पुरस्कार

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, कोलकाता के छात्रों की टीम 'अलर्टिफाई' ने 1 फरवरी को गुरुग्राम स्थित माइक्रोसॉफ्ट में आयोजित प्रतिष्ठित 'कोड फॉर भारत सीजन-1' हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस हैकाथॉन में भारत भर के प्रमुख कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की लगभग 300 टीमों ने हिस्सा लिया था। हेरिटेज इंस्टीट्यूट की टीम में शामिल छात्र, आलोक राज, मोहित जेना, खुशी भारती और प्रियांशु पिलानीवाला ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तहत इस चुनौती को स्वीकार किया और नवाचारी समाधानों के साथ उसे पूरा किया। यह सफलता प्रोफेसर शुभाशीष मजूमदार सीएसई विभाग के एचओडी और प्रोफेसर झलक दत्ता के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई।



इस उपलब्धि पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ पी.के. अग्रवाल ने कहा, यह हमारे पूरे हेरिटेज परिवार के लिए गर्व का पल है। पिछले साल हमने भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन में पहले रनर-अप का खिताब जीता था और इस बार हमने माइक्रोसॉफ्ट में आयोजित हैकाथॉन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संपूर्ण टीम को हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रमुख प्रोफेसर बासब चौधरी और बोर्ड सदस्य एवं बीआईटीएस पिलानी और जादवपुर विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति प्रोफेसर सौविक भट्टाचार्य द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## कल्याणी विस्फोट मामले में इलाजरत महिला की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई पांच

कोलकाता, समाज्ञा : नदिया जिला के कल्याणी में विस्फोट की घटना में एक और मौत हो गई है। अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई है। बता दें कि इससे पहले चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में अब कुल मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को कल्याणी नगरपालिका के वार्ड 20 के रथतला में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। उस समय फैक्ट्री में काम चल रहा था। पटाखा फैक्ट्री में फंसने से 4 महिला श्रमिकों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य महिला कर्मचारी घायल हो गई थी। उसे घायल अवस्था में कल्याणी स्थित जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान महिला श्रमिक उज्वला भुइयां (59) की मौत हो गई। बता दें कि पुलिस इस घटना में फैक्ट्री मालिक खोखन बिस्वास को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



मेनका स्मृति विद्यामंदिर लोअर प्राइमरी स्कूल की 66वीं स्थापना वर्षगांठ मनाई गई।

## हॉस्टल में मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**प्रेम संबंध टूटने से तनाव में आकर आत्महत्या करने की संभावना**

**कूचबिहार :** कूचबिहार मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक डॉक्टरी छात्र का झूलता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान किशन कुमार (27) के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था। शुरुआती जांच में पुलिस का अनुमान है कि प्रेम संबंध टूटने से तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार की रात 12 बजे के बाद जब किशन ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो उसके साथी छात्रों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार मंडल को सूचना दी। इसके बाद, दरवाजा तोड़कर देखा गया तो किशन का शव फंदे से लटका हुआ मिला। प्रधानाचार्य ने बताया कि रात 12 बजे के बाद मुझे हॉस्टल से फोन आया। जब कमरा खोला गया तो किशन मृत पाया गया। वह इंटर्न था और उसका साढ़े चार साल का कोर्स पूरा हो चुका था। कुछ ही दिनों में उसे सर्टिफिकेट मिलने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही मैंने अस्पताल के अधीक्षक और पुलिस को सूचना दी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशन के शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। जिस कमरे में शव मिला, उसे सील कर दिया गया है। कूचबिहार के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक प्रेम संबंधों को लेकर मानसिक तनाव में था। फिलहाल, पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे असल वजह क्या थी, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आगे की जांच के बाद होगा।

## आज वैलेंटाइन डे : आसमान छू रहे गुलाब के दाम, प्यार का इजहार हुआ महंगा

**कोलकाता, समाज्ञा**

फरवरी का महीना और वैलेंटाइन वीक का आगाज! प्यार के इस मौसम में गुलाब का अपना ही जादू होता है। लेकिन, इस बार, प्रेमी जोड़ों को अपने इजहार-ए-मोहब्बत के लिए जेब थोड़ी ढीली करनी पड़ रही है। रोज डे से शुरू होने वाले वैलेंटाइन वीक में गुलाब की कीमतें आसमान छू रही हैं। जहां एक समय 15 रुपये में मिलने वाला गुलाब अब 50 से 70 रुपये का हो गया है। कोलकाता के फूल बाजारों में इस असामान्य वृद्धि का कारण मांग का अचानक बढ़ जाना है। वैलेंटाइन वीक के साथ-साथ मुस्लिम धर्म का एक बड़ा त्योहार भी चल रहा है, जिसमें गुलाब की भारी डिमांड है। हालांकि, बढ़ी हुई कीमतें भी प्रेमी युगलों के जोश को कम नहीं कर पा रही हैं। चाहे दाम कुछ भी हों, गुलाब तो खरीदना ही है। प्यार के इजहार में फूलों की अपनी अहमियत है, और यही वजह है कि लोग हर कीमत पर इसे खरीदने को तैयार हैं। वैलेंटाइन वीक न केवल प्रेम का प्रतीक है, बल्कि एक ऐसा अवसर भी है जब लोग अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने की कोशिश करते हैं। सही उपहार और प्यार भरा व्यवहार न केवल रिश्ते को गहरा बनाता है, बल्कि आपके साथी को खास महसूस कराने का एक तरीका भी है। तो चाहे कीमतें कुछ भी हों, गुलाब का जादू बरकरार है, और प्यार का यह त्योहार हमेशा खास रहेगा। आख़िर प्यार की कोई कीमत नहीं होती!

## हावड़ा डिवीजन के 40 प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन संकेत बोर्ड करेगा स्थापित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा और स्टेशन आधुनिकीकरण के उद्देश्य को लेकर एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। अब पूर्व रेलवे होरहा डिवीजन के 40 प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन संकेत बोर्ड स्थापित करेगा। यह कदम रेलवे की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर योजनाओं में से एक है, जो यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है। इन स्टेशनों में बेलमुड़ी, दीरा, गुर्प, पल्ला रोड, दैन्हाट, धात्रिग्राम, खमारगाछी, पटुली, श्रीरामपुर, रिसड़ा, कोन्ननगर, शेउराफुली, बेलूर मठ, लिलुआ, हुगली, अग्रद्विप, लक्ष्मीनगर, भंडारतिकुड़ी, बागनापाड़ा, बेहुला, सोमरबाजार, बालागढ़, डूमरदाहा, कुंटिघाट, आरामबाग, मायापुर, बाहिरखंडा, सैंथिया, बोलपुर, पाकुर, रामपुरहाट, मधुसुदनपुर, पोड़ाबाजार, शिबाइचंडी, हजिगढ़, झापांदंगा, गोबड़ा, जानाई रोड, मिर्जापुर बैंकिपुर और अन्य शामिल हैं। टीआईबी के माध्यम से यात्रियों को ट्रेन के समय, प्लेटफार्म नंबर, देरी और रद्दीकरण जैसी महत्वपूर्ण जानकारी तुरंत मिल सकेगी। इन बोर्ड्स को स्टेशनों के प्रमुख स्थानों पर लगाया जाएगा ताकि यात्री आसानी से महत्वपूर्ण यात्रा अपडेट्स प्राप्त कर सकें।

## रानीगंज स्टेशन पर 13 व्यक्तियों की क्षमता वाला नया लिफ्ट, यात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** रानीगंज स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 4 पर नए 13 व्यक्तियों की क्षमता वाला लिफ्ट स्थापित किया गया है। इस पहल के तहत, यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विशेष रूप से विकलांग व्यक्तियों, बुजुर्गों और महिला यात्रियों के लिए स्टेशन पर आवागमन को और अधिक आरामदायक बनाने का प्रयास किया गया है। यह नया लिफ्ट प्लेटफार्म तक आसान और आरामदायक पहुंच सुनिश्चित करेगा, जिससे गतिशीलता संबंधी समस्याओं का सामना करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा, लिफ्ट में ऑटोमेटिक रेस्क्यू डिवाइस भी लगाया गया है, जो पावर फेलियर की स्थिति में लिफ्ट को स्वचालित रूप से नजदीकी मंजिल तक ले जाता है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह पहल पूर्व रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रयासों के तहत की गई है। आसनसोल डिवीजन के तहत यह कदम एक समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है, ताकि प्रत्येक यात्री, चाहे उनकी शारीरिक क्षमता कैसी भी हो, गरिमा और सुविधा के साथ यात्रा कर सके।

# समलैंगिक संबंध रखने वाले युवक की हत्या का आरोप, दो दोस्त गिरफ्तार

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के पांडुआ थाना क्षेत्र से युवक की मौत का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन के किनारे से जीआरपी ने बरामद किया है। परिजनों का आरोप है कि समलैंगिक सम्बंधों की वजह से युवक की हत्या की गई है। परिजनों ने पांडुआ थाने में मृतक के दो दोस्तों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृतक के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और परिवार के सूत्रों के अनुसार पांडुआ के रौजा पाड़ा निवासी प्रीतम दास (19) फरवरी महीने की 11 तारीख की शाम दोस्तों के साथ महानंद जाने की बात कहकर घर से निकला था। लेकिन वह रातभर घर नहीं लौटा।



अगले दिन सुबह बैंडेल जीआरपी ने पांडुआ और खन्यान के बीच रेलवे ट्रैक से उसका शव बरामद किया। शव को चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मृतक की बहन प्रियंका दास ने पांडुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में प्रीतम के दो दोस्तों, अभि घोष और कुशल घोष का नामदर्ज किया गया है। पांडुआ के रवींद्र पल्ली निवासी अभि घोष और काजी मोहल्ला निवासी कुशल घोष को पांडुआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को चुंचुड़ा अदालत में पेश किया।

प्रीतम का पैतृक घर दक्षिण 24 परगना के विष्णुपुर थाना क्षेत्र में है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से उसकी मां और दो बहनें पांडुआ में ननिहाल में रहती थीं। प्रीतम भी अक्सर वहां आया-जाया करता था। मृतक की मौसेरी बहन रिया कुंडु ने बताया,

प्रीतम नृत्य कार्यक्रमों में हिस्सा लेता था, जबकि अभि डीजे बजाता था। दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी। बीते तीन महीनों से प्रीतम सिर्फ अभि की वजह से पांडुआ में रह रहा था। वे दोनों देर रात तक वीडियो कॉल पर बातें करते थे। मुझे लगता है कि समलैंगिक रिश्ते के कारण ही यह घटना घटी। प्रीतम लड़कों को पसंद करता था और अभि के प्रति उसका विशेष लगाव था। उनके बीच कई बार झगड़े भी हुए थे। एक बार तो प्रीतम ने अपने नाखूनों से अभि को खरोंच दिया था, मैंने वो निशान देखे थे। वे एक प्रेमी-प्रेमिका की तरह झगड़ते और प्रेम करते थे। लेकिन हाल ही में अभि प्रीतम को सहन नहीं कर पा रहा था, शायद इसलिए उसने उसकी हत्या कर शव फेंक दिया हो।

मृतक के रिश्तेदार लक्ष्मण कुंडु ने कहा कि प्रीतम बहुत अच्छा लड़का था। उसकी मौत के लिए जो भी जिम्मेदार हो, उसे कड़ी सजा मिलनी चाहिए। हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी (क्राइम) अभिजीत सिन्हा महापात्र ने बताया कि युवक का शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। परिवार ने पांडुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच जारी है। हत्या के पीछे का कारण पता लगाया जा रहा है।

# कोलकाता-उत्तर बंगाल के बीच दूरी और होगी कम, आमडांगा राष्ट्रीय सड़क विस्तार पर कोर्ट का बड़ा आदेश

### जिला प्रशासन को पुलिस की मदद से एक मार्च तक सभी अवैध कब्जाधारियों को हटाने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता और उत्तरबंगाल के बीच की दूरी को और कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आमडांगा राष्ट्रीय सड़क के विस्तार को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट में चल रहे मामले में अदालत ने अवैध कब्जे हटाने के संबंध में बड़ा आदेश दिया है। मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने जिला प्रशासन को आदेश दिया है कि वह आगामी 1 मार्च तक पुलिस की सहायता से सभी अवैध कब्जे हटा दे। इसके साथ ही, कोर्ट ने राष्ट्रीय सड़क के 12 नंबर के विस्तार कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश भी दिया है। यह सड़क कोलकाता और उत्तरबंगाल के बीच एक प्रमुख



संपर्क मार्ग है। बारासात के डाकबांग्ला मोड़ से शुरू होने वाली 12 नंबर राष्ट्रीय सड़क के विस्तार का कार्य पहले ही शुरू हो चुका है और बारासात से आमडांगा तक के हिस्से का विस्तार पूरा हो चुका है। हालांकि, आमडांगा के संतोषपुर से राजबेड़िया मोड़ तक लगभग 18 किमी सड़क का विस्तार कई महीनों से अटका हुआ था। इस क्षेत्र में लगभग 12 हजार जमीन मालिक हैं, जिन्होंने उचित मुआवजे की मांग को लेकर 'न्यायपूर्ण अधिकार रक्षा समिति' के बैनर तले विरोध प्रदर्शन किया था। गत सोमवार को जब जमीन का परीक्षण शुरू किया गया, तो उन्होंने फिर से अपनी आपत्ति जताई। यह मामला जब हाई कोर्ट में पहुंचा तब राज्य सरकार ने अदालत को बताया कि 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून के तहत पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है, लेकिन कुछ लोग अब भी अवैध रूप से जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। इसके बाद कोर्ट ने अवैध कब्जे हटाने का आदेश दिया और विस्तार कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## उलुबेरिया अस्पताल के शौचालय से मरीज का शव बरामद



**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के उलुबेरिया में स्थित शरत चंद्र चटर्जी मेडिकल कॉलेज के शौचालय में इलाजरत एक टीबी मरीज का शव बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की दोपहर युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान बापी मलिक (29) के रूप में की गई है। मरीज के परिवार का आरोप है कि उसने आत्महत्या की है। हालांकि, अस्पताल अधिकारियों ने इससे इनकार किया है। उनका दावा है कि युवक की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। इस घटना से अस्पताल परिसर में काफी उत्तेजना फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बापी मलिक उलुबेरिया थाना अंतर्गत रौता गांव का निवासी है। वह पेशे से एक निर्माण मजदूर है। टीबी के कारण वह बीस दिनों से अस्पताल में भर्ती था। उसकी मां आरती मलिक उसके साथ अस्पताल में रहती थीं। इस दिन, वह कुछ देर के लिए घर गई थी। जब आरती देवी वापस लौटीं तो उन्हें उनका बेटा नहीं मिला। अस्पताल में इलाजरत अन्य मरीजों ने बताया कि बापी शौचालय गया है। जब काफी देर तक उसका बेटा वापस नहीं आया तो आरती देवी शौचालय में गईं और देखा कि उसका बेटा वहां पड़ा हुआ है। युवक की मां की चीखें सुनकर डॉक्टर और नर्सें घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में, डॉक्टरों ने घोषणा की कि बापी की मृत्यु हो गई है। परिवार का दावा है कि युवक ने आत्महत्या की है।

# दत्तपुकुर में सिर कटा शव बरामदगी मामले में जम्मू से एक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के दत्तपुकुर में सिर कटा शव बरामदगी मामले में बारासात पुलिस ने जम्मू से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई है। अभियुक्त का नाम जलील है। उसे बुधवार को जम्मू के सांबा से गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर बारासात लाया गया। बारासात पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दत्तापुकुर में हजरत लस्कर का शव बरामद होने के बाद पुलिस ने जांच के बाद जलील की पत्नी सूफिया खातून को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।



हजरत की पूर्व पत्नी पूजा दास और चचेरे भाई ओबैदुल पुलिस के जाल में फंस गए। जांचकर्ताओं ने सूफिया से पूछताछ कर जलील के बारे में खोज खबर के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की। उस जानकारी के आधार पर पता चला कि जलील कोलकाता स्टेशन से एक लंबी दूरी की ट्रेन में सवार हुआ था। तलाश के बाद पता चला कि जलील जम्मू के सांबा में छिपा हुआ है। इसके बाद, जांचकर्ताओं की एक टीम जम्मू गयी। जलील को बुधवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। उसे ट्रांजिट रिमांड पर बारासात लाया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 31 जनवरी को दत्तपुकुर के छोटा जगुलिया स्थित एक तालाब से एक सिर विहीन युवक का शव बरामद किया गया था। आस-पास के क्षेत्र से नमूने एकत्र करके उसका नाम और पहचान का मिलान किया गया। पता चला है कि मृतक लक्ष्मीकांतपुर निवासी हजरत लस्कर था। हालाकि, हजरत का कटा हुआ सिर अभी तक बरामद नहीं हुआ है। जांचकर्ता जलील और अन्य लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने के लिए उत्सुक हैं कि हत्या में और कौन-कौन शामिल था।

# बजबज डकैती-सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

### आठ साल बाद गृहिणी को मिला न्याय, अलीपुर के द्वितीय फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अयान मजूमदार ने सुनाई सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अलीपुर की एक अदालत ने बजबज डकैती और एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आठ साल बाद सजा का ऐलान किया है। अलीपुर की द्वितीय फास्ट ट्रैक अदालत के न्यायाधीश अयान मजूमदार ने गुरुवार को घटना के तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बता दें कि बजबज मामले के चौथे आरोपी की पहले ही मौत हो चुकी है। उल्लेखनीय हैकि 31 जनवरी, 2017 को बजबज में एक घर में डकैती हुई। आधी रात को चार अपराधी घर में घुसे और नकदी व जेवरात चुरा



लिए। कथित तौर पर, उनमें से तीन ने महिला के पति और बच्चे को बांधकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह मामला अलीपुर अदालत में आठ साल से चल रहा है। मुकदमे के अंत में अदालत ने शेख रमजान और धनु शेख को सामूहिक दुष्कर्म का दोषी पाया। दोनों को सामूहिक दुष्कर्म के अपराध में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रमजान और धनु के अलावा अब्दुल हामिद मोल्ला को बजबज में डकैती का दोषी पाया गया। न्यायाधीश मजूमदार ने तीनों को डकैती के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा, उनसे 50,000 रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। इमाम बजबज सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल आरोपियों में से एक है। वह पहले ही मर चुका है। सरकारी वकील अरविंद मित्रा ने बताया कि 31 दिसंबर 2017 को बजरंगबली थाना अंतर्गत एक गांव में एक दंपत्ति अपने सात वर्षीय बच्चे के साथ अपने घर में सो रहे थे। वे अचानक रात करीब 11:45 बजे जाग उठे। उन्होंने दरवाजे पर लात मारने की आवाज सुनी। इसके बाद, तीन लोग दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए। पति, पत्नी और बच्चे को रस्सियों से बांध दिया गया है। उन्होंने सब कुछ ले लिया, मोबाइल फोन, पैसा और सोना। इसके बाद, तीनों व्यक्ति महिला को बालकनी में ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। बजबज थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## परीक्षा के दौरान अनावश्यक छुट्टी पर रोक, उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी किए दिशा-निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य भर में माध्यमिक परीक्षाएं चल रही हैं। इस परीक्षा के बीच उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद ने उच्च माध्यमिक परीक्षा के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए है। बुधवार को संसद द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई। इस नोटिस में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान चिकित्सा आपातस्थिति अर्थात शारीरिक बीमारी को छोड़कर किसी भी स्थिति में छुट्टी नहीं दी जा सकती है। शिक्षकों के अतिरिक्त यह नियम शिक्षा कर्मियों पर भी लागू होगा। हालांकि, अधिसूचना में कहा गया है कि यदि उचित कारणों के साथ आ-वेदन प्रस्तुत किया जाता है तो शिक्षा परिषद उस पर विचार करेगी और निर्णय लेगी। इसके अतिरिक्त, यदि सरकारी या सरकार से संबद्ध कार्यालयों में कार्यरत माता-पिता दोनों एक साथ छुट्टी लेना चाहते हैं, तो किसी एक को छुट्टी दी जाएगी। हालांकि, उन्हें शिक्षा परिषद के स्थानीय कार्यालय में उचित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इस संदर्भ में, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद के एक अधिकारी ने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान यह देखा जाता है कि शिक्षक या शिक्षा कर्मी विभिन्न कारणों से एक साथ लंबी छुट्टी ले लेते हैं। इससे परीक्षण के लिए आवश्यक जनशक्ति कम हो जाती है। इस प्रवृत्ति को कम करने के लिए इस वर्ष यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के दौरान अस्पताल में भर्ती होने या सर्जरी संबंधी समस्याओं के अलावा किसी अन्य कारण से छुट्टी नहीं दी जाएगी।

# बाली में सड़क हादसे में टैक्सी चालक समेत दो की मौत, चार घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के बाली थाना अंतर्गत जीटी रोड पर देवानगाजी इलाके में टैक्सी और डंपर के बीच आमने-सामने की टक्कर में टैक्सी चालक सहित दो की मौत हो गयी, जबकि इस हादसे में चार बाइक आरोही भी घायल हुए हैं। टक्कर इतना जबर्दस्त था कि टैक्सी का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और टैक्सी कुछ दूर जाकर एक अपार्टमेंट के दीवार से जा टकराया। घटना की खबर पाकर पुलिस पहुंची। दमकल विभाग को बुलाया गया। टैक्सी से घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त सियाराम प्रसाद (39) और दिव्येंदु देवनाथ




(32) के रूप में हुई है। इस घटना के कारण घंटों जीटी रोड पर ट्रैफिक सेवा प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात करीब 11.30 बजे एक टैक्सी बाली की ओर जा रही थी, जबकि डंपर विपरीत दिशा से आ रहा था। इसी समय बाली के देवानगाजी के पास दोनों वाहन आपस में भिड़ गये। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति काफी तेज थी। मौके पर पुलिस और दमकल पहुंची, लेकिन कार का गेट खोल पाना संभव नहीं हो पा रहा था। गैस कटर की मदद से टैक्सी के गेट को काट कर चालक सियाराम प्रसाद और यात्री दिव्येंदु देवनाथ को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में चार बाइक सवार भी घायल हो गये। दोनों बाइक टैक्सी के पीछे था। सभी घायलों को हावड़ा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने टैक्सी चालक और टैक्सी में सवार यात्री को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची एसीपी आनंदजीत होड़ ने कहा कि एक सीमेंट मिक्सर (डंपर) और टैक्सी के बीच टक्कर हुई थी। मौके से डंपर चालक भागने में सफल रहा। पुलिस उसे तलाश रही है।

## नारकेलडांगा में बस्ती में आगजनी की घटना पर केएमसी ने तृणमूल पार्षद को किया शो-कॉज

**कोलकाता, समाज्ञा :** नारकेलडांगा में बस्ती में आग लगने के बाद पीड़ित पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए थे। मेयर फिरहाद हकीम को भी उनके कारण विरोध का सामना करना पड़ा था। इस बार, नगर निगम के पार्षद दल ने उस घटना के लिए कोलकाता नगर निगम के वार्ड 36 के पार्षद को शो-कॉज किया है। कारण बताओ पत्र की प्राप्ति की पुष्टि करते हुए पार्षद ने कहा कि मुझे जो जवाब देना है वो मैं पार्टी को दूंगा। उल्लेखनीय है कि गत शनिवार की रात नारकेलडांगा क्षेत्र में नहर के किनारे स्थित एक बस्ती में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस आगजनी में कम से कम 40 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। कई परिवारों ने अपना सबकुछ खो दिया। निवासियों ने आरोप लगाया कि आग एक अवैध गोदाम से शुरू हुई। यह भी आर-ोप लगाया कि पार्षद सचिन ने ही उस गोदाम की अनुमति दी थी। स्थानीय लोगों का यह भी दावा है कि वह रंगदारी वसूलता है। इस परिप्रेक्ष्य में, मेयर को सचिन के लिए विरोध का सामना क्यों करना चाहिए? और उनसे यह कारण बताने को कहा गया है कि वह पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन करने क्यों गए थे। कोलकाता नगर निगम के सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक बप्पादित्य दासगुप्ता ने मेयर फिरहाद हकीम के निर्देश पर बुधवार की शाम को यह पत्र भेजा। तृणमूल पार्षद ने पत्र मिलने की बात स्वीकार की है।

# सीडा का तीन दिवसीय व्यापार मेला का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्थानीय बिजली बाजार ईजरा स्ट्रीट के हृदय स्थल पर गुरुवार को तीन दिवसीय व्यापार मेला का भव्य उद्घाटन हुआ। इस उद्घाटन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में मेंबर इन काउंसिल-लाइटिंग, संदीप रंजन बक्सी और पश्चिम बंगाल यूथ सचिव सायन देव चटर्जी ने अपने करकमलों से इसका शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष आलोक सिंह ने अपने स्वागत संबोधन में सभी उपस्थित अतिथियों और व्यवसायियों का स्वागत किया। उन्होंने प्रदर्शनी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले सभी प्रतिभागियों, भूतपूर्व अध्यक्षों, भूतपूर्व सचिवों और अन्य का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संदीप रंजन बक्सी ने अपने उद्बोधन में सभी व्यवसायियों को हर संभव मदद और सहयोग का आश्वासन दिया। मेला में स्वर्ण प्रयोजक लाइट्स




(एलईडी निर्माता) सिग्नेचर लाइटिंग स्टूडियो, रजत प्रयोजक टू पॉवर लिमिटेड (लाइटिंग अरेस्टर निर्माता), सेल्जर (प्रकाश इलेक्ट्रिकलस) अलसा सॉफ्टवेर (टैली सॉल्यूशन), लाइटिंग फास्ट जीएसटी रेकन्सिलीऐशन, स्वस्तिक पॉवर सप्लाई सिस्टम्स, जिगो-मल्टीस्पेन-ऋषभ इंस्ट्रुमेंट्स-मेट्रवी (साइनडॉट इलेक्ट्रिकल्स, कुसुम ट्रेड इमपेक्स, एंट्स (राहुल इलेक्ट्रिकल्स), कॉउटोनी (राहुल इलेक्ट्रिकल्स, गिरिराज कमर्शियल, एलईडी निर्माता (एवरेडी इंडस्ट्रीज लिमिटेड), मीनवेल (शृंगार साइंस सिस्टम्स), जेम्सकैब, मोसोबी (एलईडी निर्माता), स्कनाइडर (एम के इलेक्ट्रिकल्स), एचपीएल (विद्युत उपकरण निर्माता), कैम्ब्रिज इंस्ट्रुमेंट्स, इंडस्ट्रियल सप्लाई सिंडिकेट, करेंसी केबल्स (तार के निर्माता), सोना (अनीश इलेक्ट्रिकल्स), एचडीएफसी बैंक, रैली वुल्फ (रॉयल इंजीनियरिंग कंपनी), जैगुआर (एलईडी निर्माता), लेग्रेंड (बीआर इलेक्ट्रिकल्स), स्टरलाइट (एलईडी निर्माता), फ्लूक (वेस्टर्न इंस्ट्रुमेंट्स), वी मार्क (वायर और केबल निर्माता) मैनिफुल्ली ग्रुप, चार्ज (एलईडी निर्माता) नोरडस्क (एलईडी निर्माता), पद्मावती हाइड्रॉलिक्स, लुरीज क्नूडसन (इलेक्ट्रिकल्स और ऑटोमेशन), ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड, वनआर्ट (स्विच निर्माता) 18 इजरा स्ट्रीट लाइटिंग स्टूडियो (नेशनल इलेक्ट्रिकल कारपोरेशन, डायमंड लाइटिंग है।

कार्यक्रम में ट्रेड फेयर समिति के चेयरमैन सत्य प्रकाश साव, सह समन्वयक द्वय हरी प्रपन्न थरड, संजय सिंघी, सदस्य मनोज सिंह, हरेंद्र कुमार मिश्रा, आदित्य विक्रम मोहनका, राजीव राठी, अरुण कोठारी, सुनील सिंघी, अविनाश वर्मा, चंद्रेश मेघानी, समाजसेवी नीलू सूर्य दीप वर्मन उपस्थित रहे। कार्यकारिणी के सदस्य जे एन चटर्जी, गोपाल दे, महेश दत्तानी, दीप्ति मोदी, आदित्य अग्रवाल, अशोक बंका ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि संदीप रंजन बक्शी का फुलों का गुच्छ देकर उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, अंग वस्त्र चेयरमैन सत्य प्रकाश साव, प्रशस्ति चिन्ह अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा प्रदान किया गया। अवलोकनकर्ता में सरकारी विभाग के अधिकारियों, ठेकेदारों की उपस्थिति सर्वाधिक रही। उपरोक्त सूचना चेयरमैन मिडिया सेल अरविंद तिवारी बाबा ने प्रेषित किया।

## डॉ. पी.बी. सलीम को 'चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफ द ईयर' अवार्ड, डब्ल्यूबीपीडीसीएल ने नई ऊंचाइयां की हासिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसोचैम द्वारा आयोजित एनेर्जी एक्सीलेंस अवार्ड 2025 में पश्चिम बंगाल पावर डेवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन और एमडी मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.बी. सलीम, आई.ए.एस. को 'चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. पी.बी. सेलिम के दूरदर्शी नेतृत्व में डबल्यूबीपीडीसीएल ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और राज्य सरकार की प्रमुख तापीय बिजली उत्पादन कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। 2001 बैच के पश्चिम बंगाल कैडर के आई.ए.एस. डॉ. सलीम ने जून 2019 से कंपनी का नेतृत्व किया और उनके सशक्त नेतृत्व में डबल्यूबीपीडीसीएल ऊर्जा उत्पादन के मानचित्र पर नवाचार का प्रतीक बनकर उभरा है। इसके तहत




राज्य में सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कंपनी सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। डॉ. पी.बी. सलीम के नेतृत्व में डबल्यूबीपीडीसीएल आने वाले समय में बिजली क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति बनेगा। इस विश्वास के साथ सभी कर्मचारी संस्था के विकास में योगदान दे रहे हैं।

## मीशो ने पश्चिम बंगाल में ई-कॉमर्स ग्रोथ को बढ़ावा दिया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने पश्चिम बंगाल में खरीदारों की संख्या में 24% की प्रभावशाली वृद्धि के साथ अपनी वृद्धि को मजबूत किया है। यह उछाल एक व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है, जहां पिछले वर्ष ई-कॉमर्स के नए उपयोगकर्ताओं में से 45% मीशो से जुड़े हैं। मीशो अधिक गैर-ब्रांडेड खुदरा विक्रेताओं को अपने उत्पाद इस प्लेटफॉर्म पर बेचने की अनुमति देगा। मीशो में पूर्ति और अनुभव के महाप्रबंधक सौरभ पांडे ने कहा कि यह कदम अगले एक साल में बिक्री में 50% की वृद्धि हासिल करने के लिए ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड विक्रेताओं के बीच संतुलन बनाने के लिए है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में मीशो ने ऐप डाउनलोड विज्ञापनों में 80% और बंगाल में ऑर्डर में 30% की वृद्धि देखी है। पश्चिम बंगाल के हर कोने से ग्राहकों ने इस साल मीशो पर ऑर्डर दिए।

## सियालदह रेलवे स्टेशन के पास भयावह आग, कई दुकानें जलकर राख



**कोलकाता :** मुचीपाड़ा थाना अंतर्गत सियालदह स्टेशन के पास प्राची चिनेमा हॉल के विपरीत भयावह आग लगने से लोगों में दहशत फैल गयी। गुरुवार की रात लगभग 10 बजे घटना की सूचना पा कर मौके पर पहुंचे दमकल के 12 गाड़ियों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में लगभग 4 से 5 दुकानें जलकर खाक हो गयी हैं। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच जारी है।

# न्यूटाउन रेप और मर्डर मामले के बाद सुरक्षा व्यवस्था में सुधार, चौराहों पर लगाए गए सीसी कैमरे

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन में हुई नाबालिग की हत्या और रेप के मामले के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कदम उठाए हैं। पहले ई-रिक्शा और टोटो चालकों के पहचान पत्र बनाने की पहल की गई थी, अब न्यूटाउन शहर में सीसी कैमरे लगाए जा रहे हैं। बुधवार रात न्यूटाउन थाना क्षेत्र में लोहापुल, केश्टपुर-बागजोला खालपार, मृधा मार्केट, गौरंगनगर ढलाई ब्रिज, मिशन बाजार समेत अन्य महत्वपूर्ण चौराहों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। न्यूटाउन थाने की पुलिस ने बताया कि फिलहाल आप-



ातकालीन आधार पर 20 एनप-ीआर कैमरे लगाए गए हैं, जो रात के अंधेरे में भी गाड़ियों के नंबर प्लेट सहित उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें कैद करेंगे। इसके साथ ही, शहर प्रशासन न्यूटाउन कोलकाता डेवलपमेंट ऑथोरिटी (एनकेडीए) के तहत पूरे शहर में सीसी कैमरे स्थापित कर रहा है। इसके अलावा, स्ट्रीट लाइट और मरम्मत कार्य पर भी जोर दिया जा रहा है। बता दें कि, गत 7 फरवरी को न्यूटाउन के लोहापुर में किशोरी की हत्या और रेप के बाद शहरवासियों ने सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए थे। घटना के 48 घंटे के अंदर सीसी कैमरे की फुटेज की मदद से आरोपी ई-रिक्शा चालक सौमित्र राय उर्फ राज को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद 10 फरवरी को पुलिस और एनकेडीए अधिकारियों ने न्यूटाउन थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया और सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए विभिन्न कदम उठाए।

## हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नौकरी न मिलने पर मुख्य न्यायाधीश ने एमडी को जेल भेजने की दी धमकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम ने हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नौकरी नहीं देने पर नाराजगी जताई। लंबे समय से नौकरी न मिलने पर 22 याचिकाकर्ताओं ने कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। कोर्ट ने नौकरी देने का आदेश दिया था, लेकिन जब नौकरी नहीं मिली तो फिर से वे अदालत पहुंचे। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई। यह मामला नॉर्थ बंगाल स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की भर्ती से जुड़ा था। मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने संस्था के एमडी को आदेश दिया कि यदि नौकरी नहीं दी जाती है, तो वे खुद कोर्ट में उपस्थित हों। संस्था ने कोर्ट में बताया कि 22 नौकरी पाने



वालों में से 9 ने दस्तावेज जमा किए हैं, और कुछ का उम्र पार हो चुकी है। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने इस तर्क को नकारते हुए कहा कि ये सब आदेश को टालने के बहाने हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ये कर्मचारी 62-65 साल तक भी काम कर सकते हैं। एनबीएसटीसी को निर्देश दिया गया कि वे कोर्ट में रिपोर्ट जमा करें, और अगर ऐसा नहीं किया तो 6 मार्च को एमडी को कोर्ट में पेश होना होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश: आचार संहिता उल्लंघन मामले में पेश नहीं हुए संजय सिंह, अगली सुनवाई 25 फरवरी को

**सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह आचार संहिता उल्लंघन के मामले में यहां सांसद-विधायक अदालत में पेश नहीं हुए, जिसके बाद मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी के लिए निर्धारित कर दी गयी। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि यह मामला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2021 को हसनपुर में आयोजित एक जनसभा से जुड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि संजय सिंह सहित 13 लोगों पर आरोप है कि उन्होंने 'आप' की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम के पक्ष में चुनाव आचार संहिता और महामारी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए जनसभा की थी।

### भदोही में जन्मदिन की पार्टी में नहीं ले जाने से दुखी एक किशोरी ने आत्महत्या की

**भदोही, (उप्र) :** भदोही जिले में 17 वर्षीय एक किशोरी ने कथित तौर पर परिजनों द्वारा एक जन्मदिन के उत्सव में न ले जाने से दुखी होकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार किशोरी की पहचान संजना कुमारी के रूप में हुई है जो घर में फांसी पर लटकी पायी गयी। अधिकारी के अनुसार उसके दादा छविनाथ ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि संजना औराई थाना क्षेत्र के जेठूपुर गांव में अपने दादा, 30 वर्षीय बड़ी बहन तथा पांच और सात साल के दो छोटे भाइयों के साथ रहती थी।

# कल्याण मंडपम में सभी सुविधाओं से लैस होंगे गरीबों के मांगलिक कार्यक्रम: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि अब गरीबों और निम्न व मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांगलिक कार्यक्रम भी सभी सुविधाओं से लैस होंगे तथा कल्याण मंडपम इसका माध्यम बनेगा। योगी बृहस्पतिवार को 'खोराबार टाउनशिप' में नगर निगम द्वारा आयोजित करीब 103 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा,




गोरखपुर के पहले कल्याण मंडपम का आज (बृहस्पतिवार को) उद्घाटन हो रहा है और अगले कुछ महीने में सात नए कल्याण मंडपम भी बनकर तैयार हो जाएंगे। योगी ने कहा इनमें से पांच कल्याण मंडपम के लिए धनराशि उन्होंने अपनी विधायक निधि से दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम के कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के लिए कल्याण मंडपम की बुकिंग मात्र 11 हजार रुपये में करने के निर्देश नगर निगम को दिए गए हैं। उन्होंने नगर के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के साथ ही 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 97 लाख रुपये से शेड निर्माण आदि परियोजनाओं का लोकार्पण किया। योगी ने कुल 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करने के अलावा 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया।

# महाकुंभ में कई फिल्मी सितारों ने संगम में लगाई डुबकी

**महाकुंभ नगर (उप्र) :** महाकुंभ में राजनीति, उद्योग जगत के साथ ही फिल्म जगत के लोगों का आगमन जारी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को फिल्म जगत से जुड़े कई कलाकारों ने संगम में डुबकी लगाई। फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने संगम स्नान के बाद संवाददाताओं से कहा, यहां का पूरा वातावरण आध्यात्मिक उन्नति और शांति से ओतप्रोत है। इतनी बड़ी संख्या में लोगों के लिए प्रबंध करना और विषम परिस्थितियों के बावजूद लोगों को धैर्यपूर्वक संभालने के लिए पुलिस, मेला प्रशासन और इनकी अगुवाई कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं।'' फिल्म अभिनेता विक्की कौशल ने भी संगम में डुबकी लगाई।



उन्होंने कहा, महाकुंभ का हिस्सा बनने के लिए मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। मुझे कई दिनों से इस अवसर की प्रतीक्षा थी और आज जाकर यह इच्छा पूरी हुई।'' महाराष्ट्र की फायरब्रांड नेता और पूर्व अभिनेत्री नवनीत राणा ने भी संगम में स्नान किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी स्नान करने आ रही है जो सनातन की गहरी जड़ों और उज्ज्वल भविष्य का द्योतक है। इनके अलावा, प्रसिद्ध ड्रम वादक शिवमणि और महाभारत में दुर्योधन की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पुनीत इस्सर ने भी संगम में स्नान किया।

# शीर्ष अदालत से जमानत मिलने के बावजूद आजम खान और अब्दुल्ला आजम खान जेल में ही रहेंगे

**रामपुर (उप्र) :** शीर्ष अदालत से सफाई मशीन चोरी मामले में जमानत मिलने के बावजूद समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान सलाखों के पीछे ही रहेंगे। पिता-पुत्र की जोड़ी 18 अक्टूबर 2023 से जेल में है। उन्होंने 16 महीने से अधिक समय जेल में बिताया है। दोनों नगर पालिका परिषद रामपुर की सफाई मशीन की बरामदगी के मामले में आरोपी थे, जो मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के परिसर से बरामद की गई थी। बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में मोहम्मद आजम खान और अब्दुल्ला आजम खान दोनों को जमानत दे दी। हालांकि, कई कानूनी बाधाओं के कारण उनकी रिहाई में अब भी देरी हो रही है। आजम खान के अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि जमानत मिलने के बावजूद दोनों के खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं, जिससे उनकी तत्काल रिहाई मुश्किल है।

# महाकुंभ में आरपीएफ ने बिछड़े 289 लोगों को अपनों से मिलाया



**प्रयागराज (उप्र) :** महाकुंभ मेले में अपने परिजनों से बिछड़े लोगों को मिलाने में खोया-पाया केंद्रों के अलावा रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) की भी अहम भूमिका रही है। तेरह जनवरी के स्नान पर्व से अभी तक आरपीएफ ने 289 बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाया है। उत्तर मध्य रेलवे के पुलिस महानिरीक्षक (आरपीएफ) अमिय नन्दन सिन्हा ने बताया कि मेला शुरू होने के दिन से अभी तक प्रयागराज परिक्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे-प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज, नैनी, प्रयागराज छिवकी स्टेशन परिसर में अपनों से बिछड़े 289 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया है। प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि महाकुंभ मेला शुरू होने के पहले से ही आरपीएफ के सभी जवानों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही हर परिस्थिति में उनकी मदद करने का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस दिशा में स्टेशन और ट्रेन में यात्रा के दौरान भारी भीड़ में अपने परिजनों से बिछड़े 289 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया। उनके अनुसार बिछड़े लोगों में बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे। शिव कुमार ने बताया कि बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए विशेष टीम के गठन के साथ ही भूले बिछड़े सहायता केंद्र भी बनाये गये हैं जहां विभिन्न भाषाओं की जानकारी रखने वाले आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया गया है।

# अयोध्या : महंत सत्येंद्र दास को सरयू तट पर जल समाधि दी गयी



**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के दिवंगत मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास को बृहस्पतिवार की शाम जल समाधि दी गयी। आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को पालकी में रखकर उनके निवास स्थान से सरयू नदी के तट पर ले जाया गया, जहां तुलसीदास घाट पर उन्हें जल समाधि दी गयी। इससे पहले दोपहर बाद सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को रथ पर रखकर नगर भ्रमण कराया गया। उनके उत्तराधिकारी प्रदीप दास ने सुबह 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार दास को जल समाधि दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि उनके पार्थिव शरीर को हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि ले जाया जाएगा। उन्होंने कहा था, ''तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आचार्य सत्येंद्र दास की अंतिम यात्रा जल्द शुरू होगी।'' प्रदीप दास ने बताया था कि जल समाधि के तहत शव को नदी के बीच में प्रवाहित करने से पहले उसके साथ भारी पत्थर बांधे जाते हैं। रामानंदी संप्रदाय की परंपराओं के अनुसार, जल समाधि देने से पहले रामलला के मुख्य पुजारी के पार्थिव शरीर को जुलूस के रूप में घुमाया गया, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। अयोध्या नगरी का भ्रमण कराते हुए सत्येंद्र दास का पार्थिव शरीर उनके निवास स्थान पर पहुंचा, फिर पालकी में रखकर नदी में ले जाया गया।

### अपहरण के बाद मुख्यमंत्री आवास में होता था 'सेटलमेंट': लालू प्रसाद पर उनके साले सुभाष यादव का आरोप

**पटना :** राजद के प्रमुख लालू प्रसाद के साले सुभाष यादव ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि जब उनके जीजा एवं बहन राबड़ी देवी बिहार के मुख्यमंत्री थे, तब मुख्यमंत्री आवास से अपहरण के बाद 'सेटलमेंट (सौदेबाजी)' होता था। सुभाष ने एक टीवी चैनल से बातचीत के दौरान आरोप लगाया के राजद शासन काल के दौरान किसी का अपहरण होने पर फिरौती को लेकर 'डील (सौदेबाजी)' सीधे मुख्यमंत्री आवास से होता था। उन्होंने दावा किया कि अपहरण और फिरौती के मामलों में सीधे मुख्यमंत्री आवास से बातचीत होती थी और पूरा सौदा लालू प्रसाद ही तय करते थे। हालांकि, राजद ने सुभाष यादव के इन आरोपों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया है।

### झारखंड के देवघर में हुए बम हमले में स्कूल प्रधानाचार्य की मौत

**देवघर :** झारखंड के देवघर जिले में एक माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की बृहस्पतिवार को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए गए बम हमले में मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उप-मंडल पुलिस अधिकारी (मधुरपुर) सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि महुआडाबर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास स्कूल से किसी काम के लिए दोपहिया वाहन पर जा रहे थे, तभी अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर बम फेंका। उन्होंने कहा कि दास को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### झारखंड में कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली परीक्षा स्थगित

**रांची :** झारखंड अधिविद्य परिषद (जेएसी) ने घोषणा की कि राज्य सरकार द्वारा 'शब-ए-बारात' त्योहार के मौके पर अवकाश अधिसूचित किए जाने के मद्देनजर कक्षा 10वीं और 12वीं की शुक्रवार को होने वाली बोर्ड परीक्षा स्थगित कर दी गई है। जेएसी ने कहा कि अब चार मार्च को ये परीक्षा आयोजित की जाएंगी। झारखंड में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच कक्षा 10 (मैट्रिक) और कक्षा 12 (इंटरमीडिएट) की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थीं। इस परीक्षा के लिए 7.84 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है।

## समाज्ञा CINE मंत्र

# एडवांस बुकिंग में ही 'छावा' बनी विक्की की मूवी नंबर वन

**नि**र्देशक लक्ष्मण उतेकर की फिल्म 'छावा' ने अपनी रिलीज के एक दिन पहले ही दहाई के आंकड़े पर दस्तक दे दी है। फिल्म के हीरो विक्की कौशल की अब तक रिलीज सारी फिल्मों में पहले दिन का सबसे ज्यादा कलेक्शन बीते साल रिलीज फिल्म 'बैड न्यूज' का रहा है। फिल्म हालांकि बाद में अपनी मेकिंग की वजह से ज्यादा नहीं चली और औसत कमाई वाली फिल्म ही बनकर रह गई, लेकिन विक्की की शुक्रवार को रिलीज हो रही फिल्म 'छावा' ने इससे ज्यादा रकम एडवांस बुकिंग में ही कमा ली है। अगर ये सारी बुकिंग पहले दिन की ही है तो फिर 'छावा' विक्की कौशल के करियर की बिगेस्ट ओपनर बनने जा रही है।

फिल्म 'छावा' के 12,344 शोज की एडवांस बुकिंग बीते सोमवार से चल रही है। इस बीच विक्की कौशल और फिल्म की हीरोइन रश्मिका मंदाना भारत भ्रमण भी कर आए हैं। बुधवार को दोनों शिरडी के साईं बाबा मंदिर में भी दिखे। फिल्म रिलीज के आंकड़ों पर नजर रखने वाली वेबसाइट के अनुसार फिल्म के करीब साढ़े तीन करोड़ टिकट गुरुवार शाम तक




बिक चुके हैं और इससे फिल्म ने करीब 9.91 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। ये विक्की कौशल की अब तक सिनेमाघरों में रिलीज किसी भी फिल्म की रिलीज की पहले दिन की गई कमाई से ज्यादा का कलेक्शन है।

फिल्म 'छावा' बनाने वाली कंपनी मैडॉक फिल्मस ने हालांकि गुरुवार की शाम दावा किया कि फिल्म की पांच लाख के करीब टिकटें बिक चुकी हैं और इसे रिलीज से पहले ही कमाल का कारोबार करने वाली फिल्म बताने को लेकर एक बयान भी कंपनी ने जारी किया। फिल्म सिर्फ हिंदी में रिलीज हो रही है या इसे अन्य भारतीय भाषाओं में भी डब किया गया है? इस बारे में पूछे गए सवाल का कंपनी ने उत्तर नहीं दिया और न ही कंपनी ने देश के अलग अलग राज्यों में बिकी टिकटों की संख्या का आधिकारिक आंकड़ा ही दिया है। हाल ही में ट्रेड एनालिस्ट कोमल नाहटा ने मैडॉक फिल्म्स की पिछली फिल्म 'स्काईफोर्स' के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों को लेकर अपनी राय जाहिर की थी, जिसके बाद उन्हें फिल्म 'छावा' की प्रेस स्क्रीनिंग में आमंत्रित नहीं किया गया।

फिल्म 'छावा' की एक स्पेशल स्क्रीनिंग यहां मुंबई में गुरुवार की रात ठीक उसी समय हो रही जिस समय अब जियो स्टूडियो का हिस्सा बन चुकी डिजनी इंडिया की फिल्म 'कैप्टन अमेरिका द ब्रेव न्यू वर्ल्ड' की प्रेस स्क्रीनिंग हो रही है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की इस नई फिल्म की स्क्रीनिंग के समय की घोषणा काफी पहले हो चुकी थी और बताते हैं कि 'छावा' की मार्केटिंग टीम ने जानबूझकर अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग ठीक उसी समय रखी है ताकि फिल्म समीक्षकों के बीच में एक सीधा संदेश दिया जा सके कि हॉलीवुड फिल्म से वह पीछे नहीं हटने वाले। फिल्म 'छावा' के निर्माता दिनेश विजन ने संभाजी के किरदार की तुलाना हालांकि एवेंजर्स से करके ये मान लिया है कि उनकी नजरें मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्मों पर रही हैं।

# रिलीज हुआ 'अंदाज अपना-अपना' का टीजर, बड़े पर्दे पर इस दिन री-रिलीज होगी आमिर-सलमान की फिल्म

**स**लमान खान और आमिर खान की फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म सिनेमाघरों में जल्द रिलीज होने वाली है। टीजर में फिल्म की री-रिलीज डेट के बारे में भी बताया गया है। फिल्म 31 साल बाद फिर से सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म पहली बार 1994 में रिलीज हुई थी।



### कॉमेडी का डबल डोज

फिल्म 'अंदाज अपना-अपना' से कॉमेडी का शानदार डोज फैंस को देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म के टीजर में अभिनेताओं की वही मस्ती देखने को मिल रही है। फिल्म को देखने के लिए फैंस में बहुत उत्साह है। जारी हुए टीजर के मुताबिक फिल्म 27 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

### सिनेमा मनोरंजन के लिए तैयार है फिल्म

रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, आमिर खान और सलमान खान की फिल्म को 4घ में रिस्टोर और रिमास्टर कर दिया है। साथ ही, इसका साउंड भी डॉल्बी 5.1 में अपग्रेड किया गया है। इससे दर्शकों को एक नया और बेहतरीन सिनेमाई अनुभव मिलेगा। फिल्म को लेकर मेकर्स ने लिखा- दोस्ती, दिवानगी और धमाकेदार कॉमेडी...एक बार फिर से। हम सब वापस आ रहे हैं, बस तैयार रहना!

### रिलीज के समय फ्लॉप रही थी फिल्म

'अंदाज अपना अपना' एक कॉमेडी फिल्म है, जो अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर असफल रही थी। हालांकि, जैसे-जैसे साल गुजरते गए, यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई। आमिर खान और सलमान खान की जोड़ी ने दर्शकों के दिलों में ऐसी जगह बनाई कि आज भी उनकी केमिस्ट्री को याद किया जाता है। फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर ने भी अहम किरदार निभाए थे। इस फिल्म के संवाद जैसे 'गलती से मिस्टेक हो गया' और क्राइम मास्टर गोगो नाम है मेरा, आंखें निकाल के गोटियां खेलती हूं मैं' आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और ये पॉप कल्चर का हिस्सा बन चुके हैं।

# 'केसरी वीर' का टीजर हुआ रिलीज, सूरज पंचोली और सुनील शेट्टी की ऐतिहासिक भूमिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** केसरी वीर: लेजेंड्स ऑफ सोमनाथ का टीजर फिल्म प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इस पीरियड ड्रामा में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय और आकांक्षा शर्मा अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर की रक्षा करने वाले वीर हमीरजी गोहिल की वीरता और संघर्ष पर आधारित है। टीजर में सूरज पंचोली को एक साहसी योद्धा के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अपने अभिनय के जरिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित करते हैं। सूरज पंचोली अपनी हीरो की छवि से हटकर इस ऐतिहासिक किरदार में नजर आएंगे। विवेक ओबेरॉय एक खलनायक के रूप में दिखेंगे, जबकि सुनील शेट्टी सूरज के साथ मंदिर की रक्षा में उनका साथ देंगे। वहीं, इस फिल्म के साथ आकांक्षा शर्मा बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत कर रही हैं। यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# स्टार किड्स से बेहतर काम कर रहे हैं बाहरी कलाकार

## बॉलीवुड को लेकर हर्षवर्धन ने रखी अपनी बात



**सा**ल 2016 में आई फिल्म 'सनम तेरी कसम' को सिनेमाघरों में री-रिलीज किया गया। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर आई नई फिल्मों से ज्यादा फैंस का प्यार मिल रहा है। फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर भी काफी चर्चा हो रही है। इस फिल्म को देख फैंस की मांग बढ़ गई है कि अभिनेता को बड़ी फिल्मों में कास्ट किया जाए। हर्षवर्धन राणे इन दिनों इंडस्ट्री में स्ट्रगल कर रहे हैं।

### चर्चा से ज्यादा है काम पर विश्वास

इंडिया टुडे से बातचीत में हर्षवर्धन ने बताया कि कैसे उन्हें इंडस्ट्री में चल रहे भाई-भतीजावाद से परेशानी है। हर्षवर्धन ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं उन लोगों में से हूं जो अपने आस-पास चल रही आवाजों से ज्यादा काम करने में विश्वास करता हूं। कहा जाता है कि स्टार किड्स को बेहतर काम मिला है, लेकिन जब मैं लिस्ट देखता हूं, तो इसमें से कुछ लोग पहले ही अपने काम से हट चुके हैं।

### बाहर से आए लोग कर रहे बेहतर काम

हर्षवर्धन राणे ने कहा कि स्टार किड्स से ज्यादा इंडस्ट्री के लोग बेहतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम उनकी सफलता पर नजर क्यों नहीं डालते हैं। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री से ही नहीं अगर हमें किसी भी चीज पर संशय हो तो हमें उसके नोट्स बनाकर रख लेने चाहिए, इसमें कोई बुराई नहीं है।

हर्षवर्धन ने कहा, मैं कहता हूं कि स्टार किड्स से ज्यादा बाहर से आए लोग बेहतर काम कर रहे हैं। स्टार किड्स को इंडस्ट्री बाहर से आए कलाकारों से कम ही काम मिल रहा है। इंडस्ट्री से कोई ताल्लुक न रखने वाले कलाकार ही बेहतर काम कर रहे हैं।

### प्रोड्यूसर का मिला प्यार

अभिनेता ने इस बातचीत में कहा कि मैं चाहता हूं कि इंडस्ट्री मुझ पर विश्वास करे। सनम तेरी कसम फिल्म को लेकर हर्षवर्धन ने कहा, मुझे उन्होंने एक बेहतर कहानी दी, जिसे मैंने बहुत अच्छे तरीके से लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की। मैं आखिरी में प्रोड्यूसर को खुश देखना चाहता हूं। उन्होंने मुझे जोर से गले लगा लिया था, जब ये फिल्म रिलीज हुई थी। मुझे फिल्म के कारण बहुत सारे फैंस का प्यार भी मिला है, जो मेरे लिए बहुत महत्व रखता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जा सकता है

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली सरकार से मोहल्ला क्लीनिक की स्थिति के साथ-साथ इस संबंध में रिपोर्ट मांगेगा कि उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जा सकता है या नहीं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के क्रियान्वयन पर भी विचार करेगा। उन्होंने बताया कि 51 लाख लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जाने की संभावना है। अगर मोहल्ला क्लीनिकों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जाता है, तो उन्हें एबी-पीएमजेएवाई के तहत जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। एक सूत्र ने कहा, सरकार मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर काफी चिंतित है। दिल्ली के नये स्वास्थ्य मंत्री से मोहल्ला क्लीनिक की स्थिति और उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तब्दील किया जा सकता है या नहीं, इस बारे में रिपोर्ट मांगी जाएगी।

### जम्मू-कश्मीर: नियंत्रण रेखा के पास विस्फोटकों का जखीरा बरामद

राजौरी/जम्मू : जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा के पास टैंक रोधी बारूदी सुरंग समेत विस्फोटक सामग्री का जखीरा बरामद किया। सुरक्षा अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह सामग्री राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों को जोड़ने वाले तारकुंडी के अग्रिम गांव में जारी अभियान के दौरान मिली। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन की घटना के बाद बुधवार को इलाके में अभियान शुरू किया गया था। हालांकि गोलीबारी में भारतीय पक्ष की ओर से कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि टैंक रोधी बारूदी सुरंग के अलावा, सैनिकों ने चार सक्रिय बारूदी सुरंगें, रस्सी और अन्य संबंधित सामग्री बरामद की।

### बीजापुर मुठभेड़ में मारे गए 31 नक्सलियों में एक कुटरू बारूदी सुरंग विस्फोट का मास्टरमाइंड भी था

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को हुई मुठभेड़ में मारे गये 31 नक्सलियों में एक पिछले महीने विस्फोट में सुरक्षाबलों के वाहन को उड़ाने की घटना का मास्टरमाइंड था। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने एक विस्फोट में सुरक्षाबलों के आठ जवान और एक वाहन चालक की जान चली गयी थी। नौ फरवरी को इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र की पहाड़ी में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 11 महिलाओं समेत 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इस दौरान दो सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए 31 नक्सलियों में से अब तक 17 पुरुषों और 11 महिलाओं समेत 28 की पहचान हो चुकी है। उन पर कुल 1.10 करोड़ रुपये का इनाम है।

### चुनावी ड्यूटी पर न्यूनतम अध्यापकों को लगाने संबंधी दिशानिर्देश का सख्ती से पालन हो : उच्च न्यायालय

**प्रयागराज (उप्र) :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में निर्देश दिया है कि अध्यापकों को बूथ (मतदान केंद्र) स्तर के अधिकारी के तौर पर नियुक्त किए जाने की जरूरत नहीं है और न ही उन्हें चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाए। उच्च न्यायालय ने कहा कि उनकी तैनाती तभी की जाए जब अन्य वर्गों के कर्मचारियों की उपलब्धता न हो। न्यायमूर्ति अजय भनोट ने यह टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि चुनावी ड्यूटी पर अध्यापकों की कम से कम तैनाती के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश का सख्ती से पालन करना होगा। झांसी जिले में एक प्राथमिक स्कूल के सहायक अध्यापक सूर्य प्रताप द्वारा ने बूथ स्तर के अधिकारी की ड्यूटी पर लगाए जाने और मतदाता सूची में संशोधन जैसे कार्य दिए जाने के खिलाफ अदालत में यह याचिका दायर की है।

# पीएम मोदी और एलन मस्क की मुलाकात

## अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों पर हुई चर्चा



**वाशिंगटन :** एलन मस्क से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा वाशिंगटन डीसी में एलन मस्क के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें वे मुद्दे भी शामिल हैं, जैसे कि अंतरिक्ष, गतिशीलता, प्रौद्योगिकी और नवाचार। मैंने सुधार और 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को आगे बढ़ाने की दिशा में भारत के प्रयासों के बारे में बात की। उन्होंने यह भी लिखा कि एलन मस्क के परिवार से मिलना और विभिन्न विषयों पर बातचीत करना बहुत आनंददायक था।

### वाल्ट्ज से हुई रणनीतिक संबंधों और वैश्विक सुरक्षा पर बातचीत



**वाशिंगटन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनकी अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) माइकल वाल्ट्ज के साथ सार्थक बैठक हुई और दोनों ने रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा क्षेत्रों पर चर्चा की, जो भारत-अमेरिका संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, एनएसए माइकल वाल्ट्ज के साथ एक सार्थक बैठक हुई। वह हमेशा से भारत के अच्छे मित्र रहे हैं। उन्होंने कहा, रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा भारत-अमेरिका संबंधों के महत्वपूर्ण पहलू हैं और इन मुद्दों पर हमारी शानदार चर्चा हुई। एआई (कृत्रिम मेधा), सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में सहयोग की प्रबल संभावना है।

### दिल्ली भाजपा ने सीएमओ के 'एक्स' हैंडल का नाम बदलने को लेकर उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की

**नयी दिल्ली:** भाजपा ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री के इशारे पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर आधिकारिक ''सीएमओ दिल्ली'' हैंडल का नाम कथित तौर पर बदलकर अरविंद केजरीवाल एट वर्क करने के मामले में उपराज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वी के सक्सेना से एक्स पर 'सीएमओ दिल्ली' हैंडल का नाम बदलने और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पोस्ट डालने के लिए इसके कथित इस्तेमाल पर सरकार के आईटी विभाग से रिपोर्ट तलब करने की मांग की।भाजपा के दावे पर आम आदमी पार्टी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को हराकर भाजपा करीब 26 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी है।

# उच्च न्यायालय ने पार्क से पेश होने वाले वकील को लगाई फटकार

## कहाः 'हाइब्रिड' अदालत अब भी न्यायालय

नयी दिल्ली : दिल्ली उच्च न्यायालय ने पार्क से 'वर्चुअल' माध्यम से अदालत में पेश होने वाले एक वकील को फटकार लगाई और कहा कि 'हाइब्रिड' अदालतें भी न्यायालय ही हैं और उनमें शिष्टाचार बनाए रखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया ने कहा कि वकील ने अदालत का आदेश सुनाने के दौरान अपना वीडियो भी बंद कर दिया था। अदालत ने कहा कि जब कोई वकील अपने कार्यालयों में बैठकर एक ही दिन विभिन्न अदालत परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होना चाहता है, तो वह सुविधानुसार और बेहतर तरीके से अदालतों की सहायता कर सकता है। अदालत ने कहा, ''लेकिन इसके लिए, वकील को यह समझना होगा कि अदालत की गरिमा को ध्यान में रखा जाना चाहिए। अक्सर, वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने वाले वकील की ओर से कनेक्टिविटी की समस्या के कारण वकील की दलील नहीं सुनाई देती है। अक्सर, वीडियो चालू नहीं होता है। हाइब्रिड अदालतें भी न्यायालय ही हैं।'' अदालत ने कहा, ''कोई वकील हाथ में मोबाइल फोन लेकर पार्क में खड़ा होकर अपीलकर्ताओं के वकील के रूप में पेश होना चाहता है... यहां तक कि इस अदालत की दैनिक कार्यसूची में भी वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश होने के दौरान शिष्टाचार बनाए रखने के विशिष्ट निर्देश प्रतिदिन जारी किए जाते हैं। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।''

# मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर भाजपा ने माना कि वह शासन में अक्षम : राहुल



**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शासन करने में उसकी अक्षमता की देर से की गई स्वीकारोक्ति है। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मणिपुर के प्रति अपनी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा द्वारा मणिपुर में शासन करने में उसकी पूर्ण अक्षमता की देर से स्वीकारोक्ति है। अब प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर के लिए अपनी सीधी जिम्मेदारी से इनकार नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री ने अंततः राज्य का दौरा करने और मणिपुर और भारत के लोगों को वहां शांति एवं सामान्य स्थिति बहाल करने की अपनी योजना समझाने का मन बना लिया है?

# सेना को मिली बड़ी कामयाबी: बालाकोट में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकी, बरामद किए गए हथियार



**पुंछ :** जम्मू के पुंछ बालाकोट सेक्टर में वीरवार दोपहर करीब ढाई बजे घुसपैठ कर रहे तीन पाकिस्तानी आतंकियों को सेना ने मार गिराया। तीनों के शव जीरो लाइन के पास पड़े हैं। हालांकि सेना ने आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि नहीं की। वहीं, शाम करीब छह बजे बालाकोट सेक्टर में ही तलाशी अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई।

**नहीं उठाए जा सके शव**

सूत्रों के अनुसार, बालाकोट के अग्रिम क्षेत्र तरकुंडी में पाकिस्तान के इलाके से तीन आतंकी भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। जवानों ने उन्हें ललकारते हुए गोलीबारी की। इस गोलीबारी में तीन आतंकी मारे गए। तीनों आतंकियों के शव उठाए नहीं जा सके। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी सेना की ओर से क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। इसको देखते हुए भारतीय सेना किसी प्रकार का जोखिम नहीं उठाना चाह रही है।

**विस्फोटक मिलने पर पूरे इलाके को सेना ने घेरा, बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया**

बालाकोट सेक्टर के तरकुंडी इलाके में ही तलाशी अभियान के दौरान एक एंटी टैंक माइंस, तीन एंटी-पर्सनल एक्टिवेटर माइंस, तीन स्प्लिंटर माइंस, दो बैग, फावड़ा, रस्सी, एसडी कार्ड, ड्राई फ्रूट और अन्य खाने-पीने की चीजें बरामद हुईं। इसके बाद मौके पर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। देर शाम तक सेना ने पूरे इलाके को घेर लिया।

## न्यूज अपडेट

### सड़क दुर्घटना में क्रिकेटर ऋषभ पंत की जान बचाने वाले युवक ने प्रेमिका संग जहर खाया,प्रेमिका की मौत

**रूड़की (उत्तराखंड) :** करीब सवा दो साल पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए क्रिकेट खिलाड़ी ऋषभ पंत को समय रहते अस्पताल पहुंचाने वाले युवक ने कथित रूप से अपनी प्रेमिका संग जहर खा कर आत्महत्या का प्रयास किया जिसके बाद उसकी प्रेमिका की मौत हो गयी। पुलिस और अस्पतालकर्मियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार रजत कुमार (25) नामक इस युवक ने अपनी प्रेमिका मनु कश्यप (21) के साथ तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के पुरकाजी के बुच्चा बस्ती गांव में कथित रूप से जहर खा लिया था जिसके बाद उन्हें निकटवर्ती उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के झबरेड़ा में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मनु की मौत हो गयी जबकि कुमार की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

### मणिपुर के एक शिविर में सीआरपीएफ जवान ने दो साथियों की हत्या करने के बाद खुद भी जान दी

**इंफाल :** मणिपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान ने बृहस्पतिवार को कथित तौर पर गोलीबारी कर अपने दो सहकर्मियों की हत्या कर दी और आठ अन्य को घायल कर दिया। जवान ने खुद भी आत्महत्या कर ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब 8.20 बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन से था। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में सीआरपीएफ के आठ जवान घायल हो गए हैं और उन्हें इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) में भर्ती कराया गया है।

### एनएफआर ने शोकुवी-मोलवोम रेलवे खंड पर मालगाड़ी का पहला प्रयोगिक परीक्षण किया

दीमापुर : उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने नगालैंड में धनसिरी-जुब्जा नई रेल लाइन परियोजना के शोकुवी-मोलवोम रेलवे खंड पर मल्टी-यूनिट (एमयू) लोकोमोटिव के साथ मालगाड़ी का पहला प्रायोगिक परीक्षण किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कपिंजल किशोर शर्मा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मालगाड़ी चलाने से जुड़ा प्रायोगिक परीक्षण मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परियोजना नगालैंड में रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी शाम करीब छह बजे मोलवोम पहुंची। उन्होंने कहा कि 15.419 किमी लंबे इस महत्वपूर्ण रेलवे खंड पर यायातशुरू होने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इस खंड को अगले कुछ महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। शर्मा ने कहा कि यह रेल खंड मोलवोम क्षेत्र और इसके रेलवे स्टेशन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राज्य में दीमापुर और शोकुवी के बाद यह तीसरा प्रमुख रेलवे स्टेशन बनने जा रहा है। सीपीआरओ ने कहा कि नई रेल लाइन यात्रा और माल परिवहन को बेहतर बनाएगी जिससे रसद संबंधी चुनौतियों को दूर किया जा सकेगा और इसके पूरी तरह चालू होने के बाद आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि बेहतर 'कनेक्टिविटी' से नए व्यापारिक अवसर बढ़ेंगे, निवेश आकर्षित होगा और नगालैंड के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। शर्मा ने कहा कि शोकुवी-मोलवोम खंड में मालगाड़ी लोकोमोटिव का सफल परीक्षण एनएफआर के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रयासों का प्रमाण है।

### पुलिसकर्मियों पर 'हमला': अदालत ने अमानतुल्लाह खान को 24 फरवरी तक गिरफ्तारी से संरक्षण दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में 10 फरवरी को पुलिस की एक टीम पर कथित रूप से हमला करने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को 24 फरवरी तक गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान कर दिया और कहा कि आरोपों में दम दिखाई नहीं देता है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने खान को आदेश दिया कि जब भी जांच अधिकारी निर्देश दें, वह मामले की जांच में शामिल हों। न्यायाधीश ने मामले में खान द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका पर दलीलें सुनने के बाद यह निर्देश दिया। अदालत ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज के अलावा घटना से संबंधित सभी दस्तावेज 24 फरवरी को अदालत के समक्ष पेश करने को कहा।

# आदित्य ठाकरे ने राहुल गांधी, केजरीवाल से की मुलाकात



**नयी दिल्ली :** शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की हार के कुछ दिनों बाद स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की लड़ाई को मजबूत करने के संदेश के साथ कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आए आदित्य ठाकरे ने पार्टी सांसदों से भी मुलाकात की। ऐसी खबरें हैं कि पार्टी पदाधिकारियों में असंतोष है और कुछ नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। ठाकरे ने बुधवार देर शाम राहुल गांधी और बृहस्पतिवार को केजरीवाल से मुलाकात की। आदित्य ठाकरे ने कहा, ''क्या भाजपा और निर्वाचन आयोग के बीच कोई अंतर है?... मुझे तो यह भी नहीं पता कि मेरा वोट कहां जाता है।

# उच्चतम न्यायालय ने मेघालय विश्वविद्यालय को बंद करने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मेघालय में चंद्र मोहन झा (सीएमजे) विश्वविद्यालय को बंद करने का बृहस्पतिवार को आदेश दिया और कुप्रबंधन एवं कई अन्य कमियों के कारण संस्थान को बंद करने के राज्य सरकार के 2014 के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने माना कि कुलपति की नियुक्ति के लिए सीएमजे विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 14(1) के तहत निर्धारित प्रक्रिया का उचित पालन नहीं किया गया। इसने कहा कि उच्च न्यायालय की खंडपीठ का सीएमजे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति की नियुक्ति को अवैध करार देने का निर्णय सही है। शीर्ष अदालत ने कहा, हम मानते हैं कि (विश्वविद्यालय) बंद करने का 31 मार्च 2014 काआदेश अधिनियम की धारा 48 के तहत उल्लिखित प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं का सख्ती पालन करते हुए और इस अदालत द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में पारित किया गया है... हम 31 मार्च 2014 के आदेश के तहत सीएमजे विश्वविद्यालय को बंद करने के राज्य सरकार के फैसले की पुष्टि करते हैं। अदालत ने राज्य सरकार को अपने निर्णय के बाद उचित कदम उठाने की अनुमति दी।

# संसदीय समिति की बैठक में सदस्यों ने रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी का मुद्दा उठाया

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति के कई सदस्यों ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की अश्लील टिप्पणियों का मुद्दा उठाते हुए ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई और ठोस कदम उठाने की मांग की। समिति की बैठक के बाद बीजू जनता दल (बीजद) के सस्मित पात्रा ने कहा कि कई सदस्यों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर यह मुद्दा उठाया और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत बताई कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हों। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति इस मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिख सकती है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के अनिल बलूनी, वी डी शर्मा, लहर सिंह सिरोया और शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने यह मुद्दा उठाया। यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने एक ऐसी टिप्पणी कर कर दी थी जिसकी बड़े पैमाने पर आलोचना हो रही है और उसे बेहद अश्लील तथा आपत्तिजनक बताया जा रहा है। रणवीर ने इस शो में एक प्रतिभागी से माता-पिता के निजी संबंधों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

# भाजपा बिहार विधानसभा चुनाव नहीं जीत सकती: लालू का दावा



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बावजूद, इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की हार होगी। पत्रकारों द्वारा 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) गठबंधन की सहयोगी आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली में सत्ता से बाहर होने के असर के बारे में सवाल किए जाने पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू ने कहा, ''यहां कोई असर नहीं होगा। भाजपा (सत्ता से) बाहर हो जाएगी।'' लालू की पार्टी के पास 243 सदस्यीय विधानसभा में सबसे अधिक सीट हैं। जब राजद सुप्रीमो से कहा गया कि बिहार में राजग के नेता सत्ता में वापसी को लेकर आश्वस्त हैं, तो प्रसाद ने उनकी जीत की संभावना को खारिज कर दिया। प्रसाद ने कहा, ''जब तक हम बिहार में हैं, वे यहां सरकार नहीं बना सकते। लोग भाजपा को जान गए हैं।'' भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''लालू जी हों या नहीं हों, राजग की सत्ता में वापसी तय है।'' उन्होंने कहा, ''लोगों को लालू जी की जरूरत नहीं है। उनके शासनकाल में बड़े पैमाने पर जातिवाद और कुशासन था, जिससे राज्य का नाम खराब हुआ और बिहारी शब्द एक तरह का कलंक बन गया।''

# विदेशी अदालतों ने 54 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा सुनायी : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को संसद को बताया कि विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के मुताबिक विदेशी अदालतों द्वारा मौत की सजा पाने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या 54 है। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सरकार से पूछा गया था कि क्या केंद्र यमन की एक अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई निमिषा प्रिया की जान बचाने के लिए कोई उपाय कर रहा है। साथ ही उनसे उन भारतीय नागरिकों की संख्या भी पूछी गई थी जिन्हें विदेशी अदालतों ने मौत की सजा सुनाई है। मंत्री ने अपने जवाब में कहा, ''मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, विदेशी अदालतों ने 54 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा सुनाई है।'' यह पूछे जाने पर कि सरकार ऐसे नागरिकों के जीवन को बचाने के लिए क्या सक्रिय उपाय करती है, सिंह ने कहा, ''भारत सरकार विदेशों में भारतीयों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती है और संकट में पड़ने वाले लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करती है, जिसमें सुश्री निमिषा प्रिया का मामला भी शामिल है। सरकार इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।'' मंत्रालय से बहरीन, इराक, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा का सामना कर रहे भारतीयों की कुल संख्या के बारे में भी पूछा गया था। सिंह ने अपने जवाब में इन देशों के आंकड़े साझा किए जिसके अनुसार संयुक्त अरब अमीरात में 29, सऊदी अरब में 12, कुवैत में तीन और कतर में एक भारतीय नागरिक को मौत की सजा सुनायी गयी है। उन्होंने कहा, ''विदेश में भारतीय मिशन या पोस्ट सजा पाए भारतीय नागरिकों को हरसंभव सहायता प्रदान करते हैं...भारतीय मिशन जेलों का दौरा करके और संबंधित विदेशी देशों के न्यायालयों, जेलों, लोक अभियोजकों और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ उनके मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई करके राजनयिक पहुंच प्रदान करते हैं। जेल में बंद भारतीय नागरिकों को अपील दायर करने, दया याचिका दायर करने सहित विभिन्न कानूनी उपायों की तलाश में भी मदद की जाती है।''

### 25 महीनों में देश में अदालतों में लंबित मामलों की संख्या में लगभग 33 लाख की वृद्धि हुई

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वर्ष 2022 के अंत और इस साल 7 फरवरी के बीच देश में अदालतों में लंबित मामलों की संख्या में लगभग 33 लाख की वृद्धि हुई है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में विधि और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 31 दिसंबर, 2022 तक 4.87 करोड़ से अधिक मामले लंबित थे, जबकि 7 फरवरी को यह आंकड़ा 5.20 करोड़ था। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करना न्यायपालिका के विशेष अधिकार क्षेत्र में है।

# रणवीर इलाहाबादिया पुलिस के सामने नहीं हुए पेश, आज उपस्थित रहने को कहा



**मुंबई :** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर इलाहाबादिया को एक यूट्यूब शो में विवादास्पद टिप्पणी से संबंधित मामले की जांच के सिलसिले में पेश नहीं होने के बाद शुक्रवार को यहां खार थाने में उपस्थित रहने को कहा गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन समय रैना को भी अगले पांच दिन में पेश होने के लिए कहा है। रैना विवादास्पद रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' से जुड़ा है। एक अधिकारी ने बताया कि इलाहाबादिया को बृहस्पतिवार को खार थाने में पेश होना था लेकिन वह नहीं आया और उसने पुलिस से कहा कि उसे मीडिया का डर है। अधिकारी ने बताया कि उसे यह स्पष्ट कर दिया गया कि वह पूछताछ से बच नहीं सकता और उसे शुक्रवार को आना होगा। साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में इलाहाबादिया की अभद्र टिप्पणी के संबंध में अलग-अलग जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि रैना अमेरिका में हैं और उसने जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस ने रैना को 17 फरवरी से पहले बयान दर्ज करने के लिए कहा है जबकि साइबर प्रकोष्ठ ने उसे 18 फरवरी को तलब किया है।

### महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने समय रैना को समन भेजा

महाराष्ट्र साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस ने 'कॉमेडियन' समय रैना को एक वेब शो में रणवीर इलाहाबादिया द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणी के संबंध में अगले पांच दिन में उनके सामने पेश होने के लिए कहा है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि रैना अमेरिका में हैं और उन्होंने जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए और समय मांगा है। साइबर प्रकोष्ठ और मुंबई पुलिस रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लैटेंट पर सोशल मीडिया 'इंफ्लुएंसर' इलाहाबादिया की टिप्पणी के संबंध में अलग-अलग जांच कर रही है।

# आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए रजत पाटीदार को कप्तान बनाया

### कोहली ने आरसीबी के नए कप्तान पाटीदार से कहा, आपने इस पद पर रहने का अधिकार हासिल किया है

**बेंगलुरू :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बृहस्पतिवार को रजत पाटीदार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का नया कप्तान नियुक्त किए जाने का समर्थन करते हुए कहा कि इस बल्लेबाज ने अपनी निरंतरता और अनुशासन से इस पद पर रहने का अधिकार हासिल किया है। पाटीदार ने फाफ डु प्लेसी की जगह आरसीबी के कप्तान का पद संभाला है जिन्हें पिछले साल की बड़ी नीलामी से पहले रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया गया था। आरसीबी द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कोहली ने कहा, 'मैं यहां सभी को सूचित करने आया हूं कि रजत पाटीदार आरसीबी के नए कप्तान बनने जा रहे हैं। रजत, सबसे पहले मैं आपको बधाई और शुभकामनाएं देना चाहता हूं।'

**बेंगलुरू :** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के आगामी सत्र के लिए बृहस्पतिवार को रजत पाटीदार को अपना कप्तान नियुक्त किया। पाटीदार दक्षिण अफ्रीका के फाफ डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें पिछले साल टीम ने अपने साथ बरकरार नहीं रखा था। पाटीदार पिछले साल नवंबर 2024 में आईपीएल की बड़ी नीलामी से पहले आरसीबी द्वारा रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किए गए खिलाड़ियों में शामिल थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (टी20) तथा विजय हजारे ट्रॉफी (एकदिवसीय) में मध्य प्रदेश की अगुआई करने का अनुभव है। इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने 2022 में फ्रेंचाइजी के साथ करार किया था। पाटीदार की अगुआई में मध्य प्रदेश ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई थी जहां वे पिछले साल मुंबई से पांच विकेट से हार गए थे। आरसीबी के मुख्य कोच एंडी फ्लावर



ने पाटीदार को कप्तान बनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'रजत में सादगी है, वह अपने आस-पास के लोगों की परवाह करता है, हमने करीब से देखा है कि उसने मध्य प्रदेश का नेतृत्व कैसे किया है, हमें यह बहुत पसंद आया।' दाएं हाथ के बल्लेबाज पाटीदार सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में अजिंक्य रहाणे के बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने 10 मैच में 61 की औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे। पाटीदार डु प्लेसी की जगह लेंगे जिन्हें 2022 से 2024 तक टीम की कप्तानी करने के बाद रिलीज कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीकी के 40 वर्षीय डु प्लेसी आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलेंगे। बृहस्पतिवार की घोषणा से पहले विराट कोहली के फ्रेंचाइजी के कप्तान के रूप में लौटने को लेकर भी अटकलें लगाई जा रहीं थी।

### खिलाड़ियों के साथ खड़े रहना महत्वपूर्ण, कोहली का अनुभव कप्तान की भूमिका में मदद करेगा: पाटीदार

**बेंगलुरू :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के नवनियुक्त कप्तान रजत पाटीदार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कप्तानी की बारीकियां करिश्माई विराट कोहली से सीखना चाहेंगे और सभी परिस्थितियों में 'खिलाड़ियों के साथ खड़े रहने' के महत्व पर जोर दिया। पाटीदार ने फाफ डु प्लेसी की जगह आरसीबी के कप्तान का पद संभाला है जिन्हें पिछले साल की बड़ी नीलामी से पहले रिलीज (अपने साथ बरकरार नहीं रखना) कर दिया गया था। पाटीदार ने यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं मुकाबलों की स्थिति से वाकिफ हूं। इसलिए मुझे लगता है कि अपने खिलाड़ियों का समर्थन करना और हर परिस्थितियों में उनके साथ खड़े रहना और ऐसा माहौल देना महत्वपूर्ण है जहां वे सहज और आत्मविश्वास से भरा महसूस करें।'

### शाहीन अफरीदी और दो अन्य पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना लगा

**कराची :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान उग्र व्यवहार के लिए पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर जुर्माना लगाने के अलावा उन्हें एक-एक डिमेरिट अंक दिया है। आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने के लिए अफरीदी पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह नियम 'किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खिलाड़ी, खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क।' से जुड़ा है। यह घटना बुधवार को दक्षिण अफ्रीका की पारी के 28वें ओवर में हुई जब अफरीदी ने एक रन लेने का प्रयास कर रहे मैथ्यू ब्रीट्जके का जानबूझकर रास्ता रोका जिससे शारीरिक संपर्क हुआ और दोनों खिलाड़ियों के बीच बहस हुई। तेज गेंदबाज अफरीदी ने मैच के बाद स्वीकार किया कि वह मैच के दौरान कुछ समय के लिए ब्रीट्जके को परेशान करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन मैच खत्म होने के बाद दोनों ने सब कुछ भुलाकर हाथ मिलाया।

## न्यूज अपडेट

### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिये 6000 से ज्यादा भारतीय प्रशंसक आस्ट्रेलिया आये : सीए

**मेलबर्न :** क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान 6000 से अधिक भारतीय प्रशंसक आस्ट्रेलिया पहुंचे थे। आस्ट्रेलिया ने यह श्रृंखला 3-1 से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की। सीए ने एक बयान में कहा, 'छह हजार से अधिक टिकट भारत से खरीदे गए। इसके अलावा कइयों ने अपने दोस्तों या परिवार के मार्फत टिकट खरीदे।' विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में से एक इस श्रृंखला के लिये भारत में रहने वाले लोगों में टिकटों की बिक्री में 2018-19 की तुलना में छह गुना इजाफा हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 8,37,879 लोगों ने श्रृंखला देखी और इसके पांच प्रतिशत से अधिक टिकट विदेश में बिके हैं। विदेशियों में भारतीय प्रशंसकों ने सर्वाधिक टिकट खरीदे।

### विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिये जायसवाल मुंबई टीम में

**मुंबई :** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को विदर्भ के खिलाफ आगामी रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिये मुंबई टीम में शामिल किया गया है। मुंबई ने कोलकाता में खेले गए क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 152 रन से हराया था। सेमीफाइनल 17 फरवरी से खेला जायेगा। जायसवाल और शिवम दुबे को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम में रिजर्व के तौर पर शामिल किया गया है जो यात्रा नहीं करेंगे। जायसवाल को प्रारंभिक टीम में जगह मिली थी लेकिन अंतिम सूची में वह जगह नहीं पा सके। उन्होंने इस सत्र में एकमात्र रणजी मैच जम्मू कश्मीर के खिलाफ खेला था जिसमें वह चार और 26 रन ही बना सके और मुंबई को अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी।

### भारत एशियाई बैडमिंटन मिश्रित टीम चैंपियनशिप में कोरिया से हारा

**किंगदाओ (चीन) :** भारत को बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण कोरिया के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। बुधवार को मकाऊ को 5-0 से हराकर शानदार शुरुआत करने वाले भारत ने अंत तक चुनौती पेश की लेकिन एमआर अर्जुन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी की निर्णायक मैच में जिन योंग और एनए सुंग सेयुंग के खिलाफ सीधे गेम में हार के साथ टीम ने मुकाबला गंवा दिया। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी ने पहला गेम 21-11 से जीतकर अच्छी शुरुआती की लेकिन अगले दो गेम 12-21, 15-21 से गंवाते हुए 56 मिनट में मैच हार गए। भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी मालविका बंसोड़ को दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिम यू जिन के खिलाफ केवल 27 मिनट में 9-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये टीम इंडिया के साथ नहीं जायेंगे परिजन

**नयी दिल्ली :** चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के परिजन साथ नहीं जायेंगे चूंकि बीसीसीआई की नयी यात्रा नीति पहली बार इस टूर्नामेंट के जरिये लागू हो रही है। भारतीय टीम को पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ दुबई में खेलना है जिसके बाद 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से सामना है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला दो मार्च को होना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम सारे मैच दुबई में खेलेगी जबकि बाकी टूर्नामेंट 19 फरवरी से पाकिस्तान के तीन शहरों में होगा। चैम्पियंस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को है लिहाजा यह दौरा तीन सप्ताह से कम समय का ही है जिसमें बीसीसीआई खिलाड़ियों के परिवार को साथ जाने की अनुमति नहीं देगा। नयी नीति के तहत 45 दिन या उससे लंबे दौरे पर ही परिवार खिलाड़ियों के साथ अधिकतम दो सप्ताह के लिये जा सकता है।

## विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल पेशेवर मुक्केबाज बने

**नयी दिल्ली :** विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले भारत के एकमात्र पुरुष मुक्केबाज अमित पंघाल पेशेवर बनने वाले देश के नवीनतम मुक्केबाज बन गए हैं। भारत के सबसे सफल पुरुष मुक्केबाजों में शामिल 29 वर्षीय पंघाल ने अमेरिका स्थित प्रतिभा प्रबंधन कंपनी क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के साथ करार किया है। एजेंसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट को विश्व प्रसिद्ध ओलंपियन मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ करार की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है।' उन्होंने लिखा, 'वह एक बार फिर पेशेवर मुक्केबाजी में शामिल हो रहे हैं, अमित अपने साथ काफी अनुभव, कौशल



और चैंपियन जैसी मानसिकता लेकर आए हैं। हम सह प्रबंधक कॉनर बर्क के साथ क्रिटिकल स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट परिवार में उनका स्वागत करते हुए गौरवांवित हैं और उनके करियर के इस रोमांचक अगले अध्याय में उनका मार्गदर्शन करने के लिए तत्पर हैं।' एमेच्योर सर्किट में 51 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले हरियाणा के इस मुक्केबाज को अभी तक उनका पहला पेशेवर मुकाबला आवंटित नहीं किया गया है। इससे एक महीने पहले विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव भी पेशेवर मुक्केबाजी में शामिल हो गए थे। दुनिया के पूर्व नंबर एक मुक्केबाज पंघाल ने ओलंपिक को छोड़कर सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। पंघाल ने एक समय एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ 2019 विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक रजत पदक जीतकर खेल पर अपना दबदबा बनाया था।

## श्रेयस को कभी बाहर बैठाने की योजना नहीं थी: गंभीर

**अहमदाबाद :** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इन अटकलों को खारिज किया कि श्रेयस अय्यर को उनके शानदार फॉर्म के बावजूद एकदिवसीय टीम से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाला दाएं हाथ का यह बल्लेबाज हमेशा 'योजनाओं' का हिस्सा था और इस महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में वह महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई श्रृंखला में भारत की 3-0 की जीत के दौरान अय्यर शानदार फॉर्म में दिखे। नागपुर में 249 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के 19 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद उन्होंने पलटवार करते हुए 36 गेंद में 59 रन की आक्रामक पारी खेली। उन्होंने अगले दो मैच में 44 और 78 रन बनाए। पहले मैच के बाद अय्यर ने यह



कहकर हलचल मचा दी थी कि उन्हें टीम में तभी शामिल किया गया जब विराट कोहली घुटने में दर्द के कारण मैच से बाहर हो गए। इससे यह अटकलें लगाई जाने लगीं कि अगले दो मैच में कोहली की वापसी पर उन्हें बाहर किया जा सकता है। बुधवार को तीसरे और अंतिम मैच के बाद गंभीर ने कहा, 'पूरी श्रृंखला के दौरान उन्हें बाहर बैठाने की योजना नहीं थी। हम पहले मैच में यशस्वी (जायसवाल) को मौका देना चाहते थे और देखना चाहते थे कि वह क्या कर सकते हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में वह बहुत अच्छी फॉर्म में थे।' अय्यर को आखिरकार जायसवाल पर तरजीह दी गई और गंभीर ने उन्हें टीम में 'महत्वपूर्ण खिलाड़ी' बताया। गंभीर ने कहा, 'मुझे पता है कि आप किसी (जायसवाल) को एक पारी से नहीं आंक सकते। लेकिन हम हमेशा से जानते थे कि श्रेयस हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने जा रहे हैं। कभी-कभी जब आपके पास केवल तीन मैच होते हैं तो आप सभी खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं।' चैंपियन्स ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी जिसमें भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से होगा।



## न्यूज ब्रीफ

### डॉट ने वोडाफोन आइडिया को 6,090.7 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया से कहा है कि वह 2015 में अधिग्रहित स्पेक्ट्रम के लिए किए गए कुल भुगतान में कमी की भरपाई के लिए 6,090.7 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी या 5,493.2 करोड़ रुपये नकद जमा कराए। हालांकि, कंपनी इक्विटी के माध्यम से बकाया राशि का भुगतान करने के लिए दूरसंचार विभाग के साथ बातचीत कर रही है। वोडाफोन आइडिया के गैर-कार्यकारी निदेशक हिमांशु कपानिया ने एक बयान में कहा, प्रत्येक स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए कंपनी द्वारा किया गया कुल भुगतान 2015 की नीलामी को छोड़कर स्पेक्ट्रम के आनुपातिक उपयोग से अधिक है।

### एनबीएफसी ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें: आरबीआई गवर्नर

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बृहस्पतिवार को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों से कहा कि वे ग्राहकों के साथ उचित व्यवहार सुनिश्चित करें और शिकायतों के तत्काल निवारण के लिए एक प्रणाली बनाएं। आरबीआई गवर्नर ने सरकारी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी), आवासीय वित्त कंपनियों और सूक्ष्म-वित्त संस्थानों सहित सभी स्तरों पर चुनिंदा एनबीएफसी कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात में यह बात कही। बैठक में शामिल एनबीएफसी कंपनियों की कुल एनबीएफसी क्षेत्र में लगभग 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि मल्होत्रा ने छोटे व्यवसायों और विशिष्ट क्षेत्रों के लिए ऋण उपलब्ध कराने के मामले में एनबीएफसी की भूमिका रेखांकित की। रिजर्व बैंक और एनबीएफसी के बीच आवश्यक सहयोग के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गवर्नर ने समावेशी विकास, ग्राहक संरक्षण और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए वृद्धि आकांक्षाओं को ठोस प्रथाओं के साथ संतुलित करने पर जोर दिया।

## बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ेगी: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में कई क्षेत्रों और राज्यों के लिए आवटंन में कटौती के विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि आयकर सीमा बढ़ाने सहित बजट में घोषित विभिन्न उपायों से मध्यम वर्ग के लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। सीतारमण ने आम बजट पर उच्च सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बजट में उन सभी समस्याओं को ध्यान में रखा गया है जो आज देश के समक्ष हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों द्वारा ली जा रही उधारी के कारण ब्याज का बोझ एक समस्या है। उन्होंने कहा कि इससे उबरने के लिए बुद्धिमत्ता से राजकोषीय प्रबंधन करना आवश्यक उपाय है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने इस बार बजट इस तरह से बनाया है कि विकास को गति मिल सके, समावेशी विकास हासिल किया जा सके, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिल सके, गृहस्थ लोगों की भावनाओं को बल दिया जा सके तथा भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से क्रय शक्ति बढ़ायी जा सके। उन्होंने कहा कि बजट में चार वर्गों-गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि पूरी अर्थव्यवस्था को बल मिले। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी



योजनाओं में इन वर्गों का ध्यान रखा गया है ताकि उन्हें लाभ मिल सके। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय पर पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने पिछले साल के आंकड़े देते हुए कहा कि आगामी वित्त वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय में कोई कमी नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में प्रभावी पूंजीगत व्यय 19.80 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि चर्चा में शामिल कुछ सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों में बजटीय आवंटन घटाने की बात की थी। वित्त मंत्री ने इन आशंकाओं को निर्मूल करार देते हुए कहा कि क्षेत्रवार बजट आवंटन में कोई कमी नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.71 लाख करोड़ रूपये, ग्रामीण विकास के लिए 2.67 लाख करोड़ रूपये, शहरी विकास एवं परिवहन के लिए 6.45 लाख करोड़ रूपये, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए 2.27 लाख करोड़ रूपये तथा रक्षा क्षेत्र के लिए 4.92 लाख करोड़ रूपये (इसमें रक्षा क्षेत्र का पेंशन व्यय शामिल नहीं है) का बजट आवंटन किया गया। उन्होंने कहा कि 2025-26 में राज्यों को दिये गये कुल संसाधनों का मूल्य 25.01 लाख करोड़ रूपये होगा और इस प्रकार इसमें 4.92 लाख करोड़ रूपये की वृद्धि होगी। सीतारमण ने कहा कि सरकार महंगाई पर लगाम लगाने और नागरिकों पर बोझ न पड़े, इसके लिए कदम उठाती रहेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर के 5.22 प्रतिशत से घटकर जनवरी में 4.31 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक को दिए गए चार प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। इस दौरान सदन में तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल को बजट आवंटन के मुद्दों पर विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तकरार भी हुई। हालांकि, सीतारमण ने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार ने कभी किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया है।

## शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन गिरावट, सेंसेक्स 32 अंक टूटा

**मुंबई :** घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने बृहस्पतिवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और लगातार सातवें दिन हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में चुनिंदा आईटी एवं बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी के चलते बाजार की धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक यानी 0.04 प्रतिशत गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 76,764.53 के उच्चतम और 76,013.43 के निम्नतम स्तर को छुआ। इस तरह निचले और ऊपरी स्तर के बीच 751.1 अंक का उतार-चढ़ाव आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 13.85 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 23,031.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक, नेस्ले और टाइटन में उल्लेखनीय



गिरावट हुई। दूसरी तरफ सन फार्मा, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक और जोमैटो के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 4,969.30 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़ों में नरमी के कारण बाजार में शुरुआती आशावाद के बावजूद अनिश्चित वैश्विक संकेतों और कमजोर कॉर्पोरेट आय के चलते ऊपरी स्तरों से गिरावट हुई। इसके अलावा, कृत्रिम मेधा (एआई) में बढ़ती रुचि के कारण एफआईआई अधिक प्रतिफल के लिए चीन के प्रौद्योगिकी शेयरों की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने कहा कि कारोबारियों की अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच होने वाली बैठक के नतीजों पर नजर है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'चुनिंदा बैंकिंग, ऑटो, आईटी और एफएमसीजी शेयरों में कमजोरी के कारण प्रमुख सूचकांकों में गिरावट दर्ज की गई।

### ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों पर व्यापक पारस्परिक शुल्क लगाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक पारस्परिक शुल्क लगाने वाले आदेश पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर किए। इसके तहत अमेरिका किसी देश से आयात की जाने वाली वस्तुओं पर वही शुल्क लगाएगा, जो ये देश अमेरिका से आयात किए जाने वाले सामान पर लगाते हैं। ट्रंप के इस कदम से अमेरिका और उसके साझेदारों तथा प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच व्यापक आर्थिक गतिरोध पैदा होने की आशंका जताई जा रही है। ओवल ऑफिस में आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ट्रंप ने कहा, मैंने व्यापार संतुलन कायम करने के इरादे से पारस्परिक शुल्क वसूलने का फैसला लिया है। यह सबके लिए उचित है। कोई भी अन्य देश शिकायत नहीं कर सकता। ट्रंप चीन के आयात पर पहले ही 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगा चुके हैं। उन्होंने अमेरिका के दो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों-कनाडा और मेक्सिको पर भी शुल्क लगाने की तैयारी कर ली है, जो 30 दिनों के लिए निलंबित रहने के बाद मार्च में प्रभावी हो सकते हैं।

### दो साल बाद सालाना एक लाख भारतीय देखभाल कर्मी दुनिया में तैनात होंगे: एनएसडीसी सीईओ

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वेद मणि तिवारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दो साल बाद हर साल लगभग एक लाख भारतीय देखभाल कर्मियों को कई देशों में बुजुर्ग हो रही आबादी की मदद के लिए तैनात किया जाएगा। तिवारी ने भारत में बेरोजगारी से संबंधित बहस में पड़ने से इनकार करते हुए कहा कि आधिकारिक अनुमानों पर ही भरोसा करना होगा, जिसके मुताबिक बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी करीब 4.5 प्रतिशत लोग बेरोजगार है। एनएसएसओ द्वारा एक साल पहले जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर अक्टूबर-दिसंबर 2023 के दौरान घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई जो अक्टूबर-दिसंबर, 2022 में 7.2 प्रतिशत थी। एनएसडीसी के प्रमुख ने एक सवाल के जवाब में कहा, हमें सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों पर ही चलना होगा, जो कहते हैं कि भारत के शहरों में बेरोजगारी दर 6.5 प्रतिशत है। और यदि आप तुलना करें, तो शायद अमेरिका में भी 4.5 प्रतिशत लोग बेरोजगार हैं। पिछले साल नवंबर में जारी एनएसएसओ सर्वेक्षण के मुताबिक, जुलाई-सितंबर तिमाही में बेरोजगारी दर और भी कम होकर 6.4 प्रतिशत रह गई। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में ही भारत से 20,000 निर्माण श्रमिक इजराइल गए हैं तथा वहां से 5,000 देखभाल कर्मियों की मांग आई है। एनएसडीसी के सीईओ ने कहा, हमारा मानना है कि अगले दो वर्षों में विश्व के विभिन्न भागों में प्रतिवर्ष लगभग एक लाख देखभाल कर्मी तैनात होने लगेंगे।

## नवलखा श्रीसंघ के अध्यक्ष चंद्रेश मेघाणी के निवास पर धार्मिक आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवलखा श्रीसंघ के अध्यक्ष चंद्रेश मेघाणी (रोमी) के निवास पर गुरुवार को एक पवित्र सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूज्य चेतनमुनिजी एम.एस., पूज्य प्रियदर्शनाबाईजी एम.एस. आदि ठाणा 3 की उपस्थिति में चार प्रकार की सभा मे चतुर्थ संध की उपस्थित मे आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर, पूज्य सुधाबाई महासतीजी ने सुंदर उपदेश दिया। इसके बाद, मेहुल मेघाणी ने मेघाणी परिवार की ओर से ऐवम सभी जैन समाज की ओर से परम पू जयंतमूनी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और उपस्थित सभी पधारे संत एवम सती, भक्तों का धन्यवाद किया। अंत



में, पूज्य चेतनमुनिजी एम.एस. ने मंगल पाठ का आयोजन किया। इस उवसर पर उपस्थित थे दीपक गाठाणी, दिलेश पटेल, निमेष शाह, दिलेश भीमाणी, हर्षद सेठ, भावेश चोवटीया, जीतूभाई शाह, परेश दफतरी,मरत भायाणी, शशीभाई दोशी, मुकेश कामदार, विशाल खारा, परिमल अजमेरा, अशोक तुरखीया, दिलीपभाई आथा, हर्षद अजमेरा,सयलैशभाई देशाई, मयूर शेठ, मनीष दोषी, भावीन वोरा, राजू महेता, अतुल दोषी, केतन दोषी, भरत देशाई, भरत बावीशी, तेजश दानी, जतीन शेठ, मनोज धुलिया, पुलिन पारेख आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

वर्ष 9, पूर्णांक 4149 अंक 299, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in